संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -247 रविवार,09 जुलाई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# भारी हिंसा के बीच बंगाल पंचायत चुनाव सम्पन्न



## साऊथ 24 परगना में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने लोगों का डराकर वोट डलवाए

» बंगाल पंचायत चुनाव में सारा दिन चला हिंसा का दौर,

» 14 की मौत-राज्यभर में बूथ लूटे, बैलेट पेपर फाड़े गए

» बमबारी भी हुई, दो वर्ष बाद एक बार फिर नंदीग्राम में शुभेंदु-ममता समर्थक आमने सामने



**कोलकाता,08 जुलाई 2023 (ए)।** पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के दौरान शनिवार को हुई हिंसा में राज्य के विभिन्न हिस्सों में 14 लोगों की मौत हो गई। हिंसक घटनाओं में एक उम्मीदवार सहित तृणमूल कांग्रेस के सात कार्यकर्ता मारे गए?जबकि भाजपा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दो-दो तथा कांग्रेस का एक कार्यकर्ता मारा गया। उत्तर और दक्षिण 24 परगना के अलावा मुर्शिदाबाद, मालदा तथा कूच बिहार जिले भी जमकर हिंसा हुई। हिंसक झड़पों में बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने के अलावा, कम से कम दो मतदान केंद्रों पर मतपेटियां नष्ट कर दी गईं। केंद्रीय बलों की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें हैं। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाडने, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गईं। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया। साउथ 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक के जमीरगाछी में इंडियन सेक्यूलर फ्रंट और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यहां गांव के लोगों ने बताया कि टीएमसी के लोग थैले में भरकर बम लाए थे। ये कार्यकर्ता गांव के लोगों को डराकर वोट डलवा रहे थे। उन्होंने इतने बम फेंके कि 2 घंटे तक पोलिंग रुकी रही। कुछ बम मीडिया वालों की तरफ भी फेंके गए।?

पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर शनिवार को मतदान हुआ, बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। चुनाव नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार स्थित दिनहाटा में इंद्रेश्वर प्राइमरी स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र में अचानक ही मतदान रोकने की नौबत आ गई। यहां उपद्रवियों ने एक बैलट बॉक्स पर ही पानी फेंक दिया। इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने एहतियातन मतदान रुकवाया। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान कूच बिहार ज़िले में दिनहाटा के बारानाचिना में एक मतदान केंद्र पर कथित तौर पर फर्जी मतदान से नाराज मतदाताओं ने मतपेटी में आग लगा दी। दक्षिण 24 परगना में गेंद समझकर खेलते समय बम फटने से दो बच्चे घायल हो गए।?काशीपुर थाने इलाके में यह घटना घटी।?दोनों घायल बच्चों को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।?कल इस इलाके में आईएसएफ और तृणमूल के बीच गोलाबारी हुई थी. दावा किया गया कि इलाके में कुछ बम गिरे थे। उस बम को गेंद बनाकर खेलने के दौरान भाई-बहन घायल हो गए।

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में पंचायत मतदान के दौरान मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मतदान प्रक्रिया वाले कई क्षेत्रों का दौरा किया और राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। राज्यपाल ने पूछा, लोकतंत्र के रक्षकों की रक्षा कौन करेगा। चुनाव आयोग कहीं नजर नहीं आता, फिर भी चुनाव आयुक्त चुप्पी साधे हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें बताया गया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से हत्याओं और हिंसा की खबरें आ रही हैं। उन्होंने कहा, आम लोगों की रक्षा कौन करेगा। चुनाव आयोग चुप है। मैंने उनसे जवाब देने को कहा है कि लोगों और लोकतंत्र की रक्षा करने वाला कौन है।

# पहली ही भारी बारिश से दिल्ली का हाल-बेहाल

» सड़कें बनी तालाब,

» दुकानों में घुसा पानी

» आज भी येलो अलर्ट जारी




**नई दिल्ली,08 जुलाई 2023 (ए)।** राजधानी दिल्ली में झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। राजधानी में शनिवार सुबह से बारिश शुरू हुई, जो अब तक जारी है। दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों में भी जमकर बारिश हो रही है। दिल्ली में मानसून सीजन की पहली भारी बारिश ने सड़कों को तालाब बना दिया। कनॉट प्लेस में बारिश के चलते पानी दुकानों तक में घुस गया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने रविवार के लिए बारिश को को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

### कितनी हुई बारिश?

दिल्ली में दोपहर साढ़े तीन बजे तक 102.1 मिलीमीटर वर्षा दर्जकी गई। सुबह साढ़े आठ बजे तक 3.4 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इसके बाद दर्ज 98.7 मिलीमीटर वर्षा की गई।

### आज भी होगी झमाझम बारिश

मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी ऑरेंज आलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा। शनिवार को न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

दिल्ली में ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। इस कारण वाहन पानी में फंसे या फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। इससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। बारिश के चलते पूरी दिल्ली में भयंकर जाम की स्थिति पैदा हो गई है। तेज हवाओं और बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में बिजली और इंटरनेट कनेक्टिविटी में भी बाधा उत्पन्न हुई।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि सुबह से हो रही भारी बारिश के चलते 56 स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई जगहों पर पेड़ गिरे और कई जगहों पर गड्ढे बन गए। दिल्ली ट्रैफिक कंट्रोल रूम लगातार ट्रैफिक जाम, ट्रैफिक सिग्नलों की विफलता और सड़कों पर गड्ढों की कॉलें प्राप्त कर रहा है।

### मिंटो ब्रिज अंडरपास यातायात के लिए बंद

लगातार बारिश से जलभराव के कारण मिंटो ब्रिज अंडरपास को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही तिलक ब्रिज अंडरपास में भी जलभराव हो गया है।

### इन जगहों पर हुआ जलभराव

पांडव नगर अंडरपास, पुराना किला रोड, रिंग रोड पर सन डायल पार्क, सरिता विहार चौक, गेट नंबर 6 और 7 के बीच कैरिजवे, मथुरा रोड पर प्रगति मैदान, निजामुद्दीन खट्टा के पास, मयूर विहार फेज-2 में जलभराव हो गया। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि द्वारका लिंक रोड, एनएच-48 शिव मूर्ति के पास, रोहतक रोड, विकास मार्ग, एम्स फ्लाईओवर के नीचे, मूलचंद फ्लाईओवर के नीचे, एमबी रोड, मदर टेरेसा क्रिसेंट-सरदार पटेल मार्ग, तिलक ब्रिज के नीचे, नजफगढ़ में भी बारिश से ऐसा ही हाल है।

# डीआरडीओ वैज्ञानिक ने पाकिस्तानी महिला को दी थी मिसाइलों की जानकारी : महाराष्ट्र एटीएस

**मुंबई ,08 जुलाई 2023 (ए)।** हाल ही में महाराष्ट्र एटीएस ने डीआरडीओ के वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर को गिरफ्तार किया था। उनके केस में अब चार्जशीट फाइल की गई है, जिसमें कई अहम खुलासे हुए। आरोप है कि वैज्ञानिक को हनी ट्रैप किया गया था, जिसके चक्कर में उन्होंने भारत की सुरक्षा से जुड़ी कई संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान तक पहुंचा दी। चार्जशीट के मुताबिक प्रदीप कुरुलकर एक महिला के साथ संपर्क में थे, जो सोशल मीडिया पर जारा दास गुप्ता नाम से थी।




उसे पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव की ओर प्लांट किया गया था। वो डीआरडीओ वैज्ञानिक से भारतीय मिसाइल प्रणालियों के बारे में बातचीत करती थी। जांच में पता चला कि महिला ने खुद को यूके में रहने वाली एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया। साथ ही उनको अश्लील मैसेज और वीडियो भेजने लगी। चार्जशीट के मुताबिक जब एटीएस ने उस महिला की आईपी को ट्रेस किया, तो वो पाकिस्तान में मिली।

उस महिला ने डीआरडीओ वैज्ञानिक को अपने जाल में फंसाया और उससे ब्रह्मोस लॉन्चर, ड्रोन, यूसीवी, अग्नि मिसाइल लॉन्चर और मिलिट्री ब्रिजिंग सिस्टम के बारे में काफी कुछ जाना। एटीएस के मुताबिक कुरुलकर उस महिला के चक्कर में इस तरह पड़े कि उन्होंने डीआरडीओ की संवेदनशील जानकारियों को फोन में रखा और उसे उसके साथ शेयर किया। नंबर कर दिया था ब्लॉक एटीएस के मुताबिक दोनों जून 2022 से दिसंबर 2022 तक संपर्क में थे। फरवरी में उनको शक हुआ और उन्होंने उसी वक्त महिला का नंबर ब्लॉक कर दिया। इस बीच डीआरडीओ को भी कुरुलकर की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, ऐसे में आंतरिक जांच शुरू हो गई।

# सात गैंगस्टर्स पर पुलिस का शिकंजा

» 20 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

**ग्रेटर नोएडा ,08 जुलाई 2023 (ए)।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने सात गैंगस्टर्स पर शिकंजा कस दिया है। इन गैंगस्टर्स की करीब 20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जाएगी। इसके लिए उनकी संपत्ति चिह्नित हो चुकी है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट ने नौ बदमाशों को जिला बदर किया है। जानकारी के अनुसार अमित कसाना पुत्र सतवीर निवासी ग्राम रिस्तल; मोहित कुमार गोयल पुत्र राजेश कुमार गोयल निवासी गोल्फ स्टेट सेक्टर 65, गुरुग्राम, हरियाणा; अनिल राणा पुत्र गिरीराज निवासी अलावा रहीमपुर थाना औरंगाबाद, जिला बुलन्दशहर (वर्तमान निवासी सेक्टर 11, फरीदाबाद, हरियाणा); दीपक कुमार पुत्र दिनेश प्रसाद सिंह निवासी भाभानगर भगवानपुर, थाना सदर, जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार (वर्तमान निवासी गौतमबुद्धनगर); वसीम पुत्र सलीम निवासी गाजियाबाद; आबिद उर्फ बिल्लौरी पुत्र यामीन निवासी गाजियाबाद; और उमेश गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता निवासी ज्योति नगर दिल्ली (मूल निवासी भागलपुर, बिहार) की संपत्ति कुर्क की जानी है। कुल चल-अचल सम्पत्ति करीब 20,01,92,520 रुपये को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये हैं।



पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर ने गुण्डा एक्ट के अंतर्गत नौ अभियुक्तों नवीन बिस्वास पुत्र मिहिर लाल निवासी सदरपुर, नोएडा; हरिओम पुत्र राजराम निवासी ग्राम बिसाहडा, जारचा; राहुल पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम सलेमपुर गुर्जर, कासना; राहुल पुत्र राजपाल निवासी जारचा; हासिम पुत्र मुन्ना निवासी बिलासपुर, दनकौर; प्रताप उर्फ छोटू पुत्र रमेश निवासी सीदीपुर, जारचा; राजेश पुत्र भीम निवासी दादरी; योगेश पुत्र नेपाल निवासी दनकौर; और अभिषेक पुत्र राकेश निवासी छपरौला, बादलपुर को कमिश्नरेट की सीमा से जिला बदर किया है।

# भारतीय तटरक्षक के बेड़े में शामिल होंगे 2 आधुनिक डोर्नियर विमान

### 458.87 करोड़ रुपए में सौदा

**नई दिल्ली ,08 जुलाई 2023 (ए)।** रक्षा मंत्रालय ने 7 जुलाई को डोर्नियर विमानों की खरीद के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध किया है। एसोसिएटेड इंजीनियरिंग सपोर्ट पैकेज के साथ भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के लिए डोर्नियर विमानों की यह खरीद की जा रही है। नई दिल्ली में किए गए इस अनुबंध के मुताबिक इन 2 विमानों की खरीद पर 458.87 करोड़ रूपए की कुल लागत आएगी।रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह विमान कई उन्नत उपकरण जैसे ग्लास कॉकपिट, समुद्री गश्ती रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक इंफ्रा-रेड डिवाइस, मिशन प्रबंधन प्रणाली आदि से सुसज्जित होंगे। इसके जुड़ने से आईसीजी की जिम्मेदारियों के तहत आने वाले समुद्री क्षेत्रों की हवाई निगरानी क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डोर्नियर विमानों का कानपुर के एचएएल (परिवहन विमान प्रभाग) में स्वदेशी रूप से विनिर्माण किया जाता है और इससे सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप रक्षा में आत्मनिर्भरता अर्जित करने में उल्लेखनीय योगदान प्राप्त होगा।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन शार्प शूटर गिरफ्तार

» व्यापारी से मांगी थी 20 लाख रुपए की रंगदारी

**नई दिल्ली ,08 जुलाई 2023 (ए)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रोहिणी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कृष्णा नगर निवासी उदित साध, नांगलोई निवासी अनीश कुमार उर्फ मिंटू और निहाल विहार निवासी मोहित गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 23 जून 2023 को लाजपत राय मार्केट स्थित एक व्यापारी को रंगदारी के लिए फोन आया था। आरोपी ने प्रोटेक्शन मनी के तौर पर 20 लाख रुपये की मांग करते हुए लॉरेंस बिश्नोई की ओर से उसे धमकी दी थी।

स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने कहा कि 3 जुलाई को, जानकारी मिली कि जबरन वसूली मामले में शामिल आरोपी जापानी पार्क, रोहिणी के गेट नंबर 3 के पास मिलेंगे। पुलिस ने जाल बिछाया और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो सिंगल-शॉट पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस मिले। उदित थोक बाजार में कपड़े बेचता था और पहले पुरानी दिल्ली के लाजपत राय मार्केट में एक दुकान भी चलाता था।



वह इलाके के कई थोक विक्रेताओं से परिचित था और अक्सर उनसे मिलने जाता था। नजदीकियां होने के कारण उनके पास उसका मोबाइल नंबर भी था। अधिकारी ने कहा कि उदित ने जल्दी पैसा कमाने के लिए लोगों को धोखा देना शुरू कर दिया था और साल 2015 में पहली बार जेल भी गया। जेल में उसकी मुलाकात अनीश कुमार और कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों से हुई। हाल ही में उसने अपने सहयोगियों अनीश और मोहित के साथ लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर निर्दोष व्यापारियों को धमकी देने की साजिश रची। वह जानता था कि बिश्नोई के नाम से आसानी से पैसे वसूल सकते हैं। अधिकारी ने आगे कहा कि वे शिकायतकर्ता को तिहाड़ जेल के नजदीकी इलाके से फोन करते थे, इसीलिए पुलिस और शिकायतकर्ता दोनों ने मान लिया कि कथित कॉल करने वाला तिहाड़ जेल में था। उसने शिकायतकर्ता को धमकाने के लिए अवैध रूप से बनी पिस्तौल और जिंदा कारतूस की भी व्यवस्था की थी।

# प्रेमी के लिए पाकिस्तान से आई महिला ने पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी से लगाई गुहार,कहा-मुझे वापस नहीं जाना...

**ग्रेटर नोएडा ,08 जुलाई 2023 (ए)।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और उसके भारतीय प्रेमी सचिन को जमानत मिल गई है। दोनों घर पहुंच गए हैं। सीमा ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया से गुहार लगाई है कि उसे वापस पाकिस्तान नहीं जाना है। उसे भारत में ही रहना है और सचिन से शादी करनी है। सरकार उसकी मदद करे। दूसरी तरफ उसके पति ने एक वीडियो मैसेज के जरिए प्रधानमंत्री मोदी से गुहार लगाई है कि उसकी पत्नी और बच्चे वापस पाकिस्तान भिजवाए जाएं। पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पति गुलाम हैदर ने एक वीडियो मैसेज के जरिए मोदी सरकार से अपील की है कि उसके बच्चों और उसकी पत्नी को बरगलाया गया है। उसने सरकार से अपील की है कि उसकी पत्नी और बच्चों को वापस पाकिस्तान भिजवाया जाए।

गुलाम हैदर का कहना है कि पब्जी गेम के जरिए उसके परिवार को जहनी मरीज बनाया गया है। मेरी पत्नी से उसका घर बिकवा कर भारत बुलाया गया है। उसने अपने वीडियो संदेश में कहा है कि मैं मीडिया का बहुत शुक्रगुजार हूं, जिनके जरिए मुझे पता चला कि मेरी पत्नी और बच्चे भारत पहुंच गए हैं। मेरी सरकार से अपील है कि मेरी पत्नी और बच्चों को जल्द से जल्द वापस पाकिस्तान भिजवाया जाए।




दूसरी तरफ अपने भारतीय प्रेमी के साथ रह रही सीमा हैदर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि उसे पाकिस्तान दोबारा नहीं जाना। उसे अब सचिन के साथ ही रहना है और उसके साथ ही शादी करनी है। उसने बताया कि जिस तरीके से भारत में उसके साथ व्यवहार किया गया और जिस तरीके से उसे सम्मान मिला है, यह उसे पाकिस्तान में नहीं मिलता। सरकार से विनती है कि उसे यहीं रहने दिया जाए और वापस ना भेजा जाए। वहां पर उसका कोई भविष्य नहीं है।

सचिन ने भी मीडिया से बात करते हुए बताया है कि सीमा और उसने नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी कर ली थी। अब यहां पर पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी करना चाहते हैं। अगर दिक्कत होगी तो हम कोर्ट मैरिज भी कर लेंगे। उसने भी सरकार से अपील की है कि उसे सीमा के साथ रहने दिया जाए। उसने सीमा को गंगा स्नान कराने की बात कही। उसने कहा कि सीमा अब हिंदू बन चुकी है। वह पूजा-पाठ भी करती है, इसीलिए वह दोनों साथ में ही रहेंगे।

# खराब मौसम के कारण रुकी अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर,08 जुलाई 2023 (ए)।** कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में बारिश जारी रहने के कारण खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा शनिवार को लगातार दूसरे दिन निलंबित कर दी गई। खराब मौसम के कारण यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से दूसरे दिन भी निलंबित है। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह किसी भी तीर्थयात्री को पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई। साथ ही किसी भी तीर्थयात्री को जम्मू से कश्मीर घाटी में जाने की अनुमति नहीं दी गई। पवित्र गुफा की ओर जाने वाले पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर भारी बारिश जारी है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौसम में सुधार होने तक यात्रा स्थगित कर दी गई है।उन्होंने बताया, इस बीच, आज किसी भी यात्री वाहन को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई।




जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी बारिश जारी है, जो रामबन जिले के कैफेटेरिया मोड़ इलाके में भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई थी और 62 दिन बाद 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी। समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के पास शनिवार सुबह हल्की बर्फबारी भी हुई।

संपादकीय

## राजनीतिक परिवार की कलह

संपत्ति बंटवारे या समान व्यवहार ना होने की शिकायत पर परिवारों में कलह आम बात है। जो परिवार राजनीति में हैं, उनका इससे हमेशा बचे रहना लगभग असंभव है। लेकिन हैरतअंगेज यह है कि फिर भी लोग कलह की ऐसी कहानियों से ऊबते नहीं हैं।

कहानी पुरानी है, लेकिन सार वही है। 1980-81 में इंदिरा गांधी के परिवार से मेनका गांधी की बगावत से लेकर शरद पवार के परिवार में कलह के बीच ऐसे इतने नाम हैं कि इन पर पूरी किताब लिखी जा सकती है। इसमें करुणानिधि, एमजी रामचंद्रन, एनटी रामाराव, वाईएस राजशेखर रेड्डी, बाल ठाकरे, लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव आदि तक के नाम आते हैं। वे राजनीतिक परिवार हैं, जो कभी ना कभी अंदरूनी कलह का शिकार हुए। वैसे तो भारतीय राजनीति में परिवारों के दबदबे की कहानी पूरे देश में फैली हुई है। संपत्ति बंटवारे या समान व्यवहार ना होने की शिकायत पर आम परिवारों में कलह आम बात है। जो परिवार राजनीति में हैं, उनका इससे हमेशा बचे रहना लगभग असंभव है। लेकिन हैरतअंगेज यह है कि ऐसी कलह की कहानियां चारों तरफ फैले रहने के बावजूद लोग इनसे ऊबते नहीं हैं। कलह में जिसकी जीत हो जाती है, पार्टी कार्यकर्ता और मतदाता उसे उस परिवार का वारिस मान कर उसके पीछे चल देते हैं।

इसे लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा मान लिया गया है। यह सवाल नहीं पूछा जाता कि किसी नेता ने अपनी पार्टी को अपने परिजनों और रिश्तेदारों से इस तरह क्यों भरा, जिससे उसकी परिवारिक कलह राजनीति के दायरे तक फैल जाए? लेकिन अब इस और ऐसे सवालों पर व्यापक चर्चा की जरूरत है। यह तो साफ है कि पवार परिवार में जो हो रहा है और अतीत में अन्य राजनीतिक परिवारों में जो इस तरह की घटनाएं हुई हैं, वे किसी रूप में 'लोकतंत्र' नहीं हैं। इसलिए कि ऐसे घटनाक्रमों में ना तो लोक के लिए कोई स्थान होता है और ना ही इनका लोक कल्याण से कोई संबंध है। ऐसे नाटक असल में लोकतंत्र का परिहास हैं। जब तक ऐसे परिहासों को लोकतंत्र समझा जाता रहेगा, तब तक व्यक्ति और परिवार केंद्रित ऐसी सियासत प्रचलन में रहेगी, जिस पर धनी और प्रभुत्वशाली तबकों का शिकंजा रहेगा। आखिर ऐसे तबके ही पारिवारिक कलह में विजयी नेता को चुनावी संसाधन उपलब्ध करवाते हैं और उनका मीडिया उनकी मसीहाई छवि बनाता है। पवार परिवार की कलह का भी यही निहितार्थ है।

# विपक्षी गठबंधन की चुनौतियां

भाजपा को हराने के लिए एक साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही पार्टियां अब 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरू में मिलेंगी। इसके दो दिन के बाद संसद का मॉनसून सत्र शुरू होगा। सो, एक तरह से विपक्षी पार्टियों की बैठक संसद सत्र की रणनीति बनाने का आभास दे रही है। पहले यह बैठक 12 जुलाई को शिमला में होनी थी। शिमला से बैठक क्यों टली, इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जबकि पटना में हुई पहली बैठक से पहले कांग्रेस चाहती थी कि पहली बैठक शिमला में हो। पहली बैठक तो नहीं हुई, दूसरी बैठक भी शिमला की बजाय बेंगलुरू में होगी। हो सकता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी अध्यक्षता में होने वाली पहली बैठक अपने गृह प्रदेश में चाहते हों, इसलिए बेंगलुरू का चुनाव किया गया हो। यह भी संभव है कि शिमला की चार सीट की बजाय कर्नाटक में 28 लोकसभा की सीटें हैं इसलिए उसे ज्यादा तरजीह दी जाए।

बहरहाल, यह ज्यादा बड़ा मुद्दा नहीं है कि कब और कहां विपक्षी पार्टियों की बैठक होती है। असली सवाल यह है कि बैठक का मुद्दा क्या है? किस एजेंडे पर विपक्षी पार्टियां मिल रही हैं? क्या विपक्षी पार्टियों के नेताओं का कोई ऐसा औपचारिक समूह बना है, जो मुख्य बैठक से पहले आपस में गठबंधन के मुद्दों पर चर्चा करता हो? आमतौर पर किसी भी बड़े कार्यक्रम या बड़े अभियान से पहले ऐसे कई छोटे छोटे समूह बनते हैं, जहां बारीकियों पर चर्चा होती है। पहली बैठक तक तो ठीक था लेकिन दूसरी बैठक भी बिना किसी एजेंडे के नहीं हो सकती है। यह नहीं हो सकता है कि पार्टियों के नेता बैठें, एक-दूसरे का हाल-चाल जानें, शादी वगैरह की बात करें और अगली बार फिर मिलने का वादा करके उठ जाएं। दूसरी बैठक में कुछ ठोस मामले तय होने चाहिए और बैठक के बाद आम लोगों को यह मैसेज जाना चाहिए कि विपक्षी पार्टियां पटना से आगे बढ़ी हैं।

ध्यान रहे पटना में हुई बैठक से पहले भी विपक्षी पार्टियों के सामने कम चुनौतियां नहीं थीं। लेकिन उस बैठक से जो सकारात्मक मैसेज बना उसके बाद चुनौतियां बढ़ गई हैं। ये चुनौतियां कई तरह की हैं। 23 जून की बैठक से लेकर जुलाई के पहले हफ्ते तक के घटनाक्रम पर नजर डालें तो चुनौतियों की तस्वीर साफ होती है। इस दौरान महाराष्ट्र में एनसीपी सुप्रीमो और मराठा क्षत्रप शरद पवार की पार्टी टूट गई। उनके भतीजे अजित पवार एनसीपी के कुछ विधायकों को साथ लेकर भाजपा के साथ चले गए और उप मुख्यमंत्री बन गए। संभावित विपक्षी गठबंधन के एक बड़े दल का इस तरह से टूटना समूचे विपक्ष को प्रभावित करेगा। दूसरी घटना यह हुई कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जमीन के बदले रेलवे में नौकरी दिलाने के कथित घोटाले में आरोपी बना दिया। अपनी दूसरी चार्जशीट में केंद्रीय एजेंसी ने बतौर आरोपी तेजस्वी का नाम शामिल किया। तीसरी घटना यह हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी में जम कर जुबानी जंग हुई। चौथी घटना यह हुई कि राहुल गांधी ने तेलंगाना के खम्मम में रैली की और मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके साथ कभी तालमेल नहीं करेगी। पांचवीं घटना यह हुई कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हैदराबाद जाकर चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। छठी घटना यह है कि अध्यादेश के मसले पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच लड़ाई तेज हो गई है और सातवीं व सबसे अहम घटना यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की खुल कर वकालत की है।

सोचें, 10 दिन के अंदर ये सारी घटनाएं हुई हैं। इनसे जाहिर होता है कि विपक्षी पार्टियों के सामने कितनी तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ उन्हें भाजपा के ऑपरेशन लोटस से बचना है तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना करना है। इसके बाद आपस में तालमेल बनाना है और भाजपा की ओर से तय किए जा रहे एजेंडे का मुकाबला करने के लिए अपना एजेंडा तय करना है। महाराष्ट्र के घटनाक्रम के बाद बिहार और झारखंड में चिंता है। दोनों राज्यों में विपक्ष की पार्टियां निशाने पर हैं। कर्नाटक में जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि उनके राज्य में भी महाराष्ट्र जैसा घटनाक्रम होगा। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि कर्नाटक का अजित पवार कौन होता है। इस समय विपक्षी पार्टियों के सामने नंबर एक चुनौती यही है। कैसे अपनी पार्टी को टूटने से बचाएं और एकजुट रह कर मजबूती का अहसास कराएं। विपक्ष को इसकी रणनीति बनानी चाहिए और जहां भी एक दूसरे को मदद करनी चाहिए।

विपक्ष की सारी पार्टियों को साथ लाने की चुनौती का जहां तक सवाल है तो ऐसा लग रहा है कि तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति और आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस और अन्य पार्टियों का तालमेल मुश्किल होगा। इसे तीसरे मोर्चे की संभावना के दौरे पर देखें तो यह एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि विपक्ष के लिए अच्छी बात यह होगी कि आम आदमी पार्टी को छोड़ कर बाकी पार्टियां सिर्फ अपने असर वाले राज्यों में ही लड़ेंगी। विपक्ष के मुख्य मोर्चे से इनका आमना-सामना नहीं होगा। इसलिए इन पर माथापच्ची करने से पहले उन पार्टियों के बीच तालमेल होना चाहिए, जिनके बीच पहले से गठबंधन है। जो आपस में मिल कर लड़ने में सहज हैं और जिनके बीच सीटों के बंटवारे में ज्यादा दिक्कत नहीं आनी है। जो पार्टियां पिछले चुनावों में साथ मिल कर लड़ीं है उनको अपना गठबंधन बना लेना चाहिए क्योंकि उनको सीट बंटवारे का कोई नया फॉर्मूला तय नहीं करना है। उसके बाद दूसरी पार्टियों से बात करनी चाहिए। उनसे अगर बात हो भी जाती है तो सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर दिक्कत आएगी। यह सवाल उठेगा कि पिछले लोकसभा चुनाव के वोट प्रतिशत के आधार पर सीट बंटवारा हो या राज्यों के विधानसभा चुनावों के वोट प्रतिशत के आधार पर तालमेल हो?

विपक्षी पार्टियां अगर सिर्फ अंकगणित के चक्कर में उलझती हैं तो ज्यादा फायदा नहीं होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 37.6 फीसदी वोट मिले थे और पटना में जो 15 पार्टियां इकट्ठा हुई थीं उन सबको मिला कर 37.3 फीसदी वोट थे। यानी भाजपा बनाम 15 पार्टियों के वोट में भी 0.3 फीसदी वोट से भाजपा आगे है। पिछले लोकसभा चुनाव में 226 सीटें ऐसी थीं, जिन पर भाजपा एक लाख से ज्यादा वोट के अंतर से जीती थी। इसलिए अगर नंबर्स के हिसाब से देखें तो भाजपा का पलड़ा अब भी भारी है। इसका कारण यह है कि 15 विपक्षी पार्टियों में से ज्यादातर ने अलग अलग चुनाव लड़ा था। अलग अलग चुनाव लड़ कर उनके जितने वोट मिले हैं एक साथ लड़ कर वे उतने वोट ले पाएंगे इसमें संदेह है। एक साथ लड़ने पर उनका साझा वोट कम हो सकता है तो दूसरी ओर ध्रुवीकरण की स्थिति में भाजपा का वोट बढ़ भी सकता है। हालांकि भाजपा के खिलाफ डबल, ट्रिपल इंजन की सरकार और 10 साल शासन की एंटी इन्कम्बैंसी भी है और हो सकता है कि सत्ता विरोधी वोट विपक्षी गठबंधन की ओर जाए।

**अजीत द्विवेदी**



## कभी किसी से

कभी किसी के
इतने पास ना आ जाना,
कि दूर जाना में बहुत दर्द हों ,
कभी किसी से
इतनी बात ना कर लेना,
कि मोहब्बत का एहसास हो,
कभी किसी की
इतनी परवाह ना करना ,
कि वो तुम्हारी ही
परवाह करना छोड़ दें ,
कभी किसी को
अपनी जान ना बनाना,
कि वों तुम्हारी ही जान ले ले.,
कभी किसी सें हर बात ना कहना,
कि बाद में कोई
सुनने वाला ना रहें.,
कभी किसी को
अपनी आदत ना बनाना,
कि बाद में भूलानें में कष्ट हों.,
कभी किसी कों अपना दिल ना देना
कि बाद में कोई तोड़ सके ,
कभी किसी को
अपना मान ना बैठना,
कि बाद में तुम्हें
तोड़कर छोड़कर चले जाए।।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

## सरिता के छंद

(1)
सरिता बहे जगत के हित में,
सबको नीर दे।
खेत सींचती,मंगल करती,
सबकी पीर ले।।
सरिता अपना धर्म निभाती,
बहती ही रहे।
कोई कितना कर दे मैला,
सहती ही रहे।।
(2)
हर सरिता गंगा सी पावन,
इतना जान लो।
हर सरिता पूजित,मनभावन,
यह तो मान लो।।
सरिता है भगवान की रचना,
जिसमें ताप है।
कितना उपकृत करती हमको,
कभी न माप है।।
(3)
सरिता युग-युग से धरती
पर,जीवनदायिनी।
शुभ-मंगल के गीत
सुनाती,पुण्यप्रदायिनी।।
गंगा-यमुना सी हर सरिता,
प्रमुदित भावना।
रोग,शोक,संताप हरे जो,
पुलकित कामना।।
(4)
जल पूजित,सरिता भी पूजित,
पूरण आस है।
पापहारिणी,शापनाशिनी,
सुख का वास है।।
हर मौसम,हर विपदा में भी,
जग है मानता।
तेरा जल मानो अमरत है,
पूजा ठानता।।
(5)
पर्वत से तू बहकर आती,
हित को साधती।
दुनिया सारी,तुझको माने,
आशा बाँधती।।
सरिता ने नित धर्म सँवारा,
जय-जय देविका।
यहाँ आज जल के पूजक सब,
सेवी-सेविका।।



**प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे**
मंडला,
मध्यप्रदेश

## गुमान

एक पल में तेरे गुरूर का
लुट जायेगा तेरा अभिमान
पाप का घड़ा भर जाने दो
मिट जायेगा तेरा अरमान
मतलब की है ये दुनियॉं
चन्द दिनों का है तेरा मान
जब मतलब निकल जायेगा
भूल जायेगा जग तेरा नाम
आज नहीं तो कल तेरा भी
खत्म हो जायेगा सब सम्मान
जब दौलत निकल जायेगी
अपने भी भूल जायेगा पहचान
मत दिखा रसूख अय मुर्ख यहाँ
मत कर तूँ मिथ्या अभिमान
पानी का है ये बुलबुला सब
फूट जायेगा सब तेरा ये गुमान
क्यूं हँसता है किसी की मजबूरी
हर शख्स है यहाँ पर कंगाल
प्रेम का दौलत जमा कर ले
अमर कर देगा तेरा भी नाम



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

बाल कहानी

## ओमी नामक बंदर को मिला सबक

कोंगनी नाला के तट पर एक बहुत बड़ा बरगद का पेड़ था। पेड़ पर बंदरों का एक दल रहता था। एक अधेड़ बंदर दल का मुखिया था। अपने सब साथियों का वह बड़ा ध्यान रखता था। बंदर साथी भी उनका बड़ा आदर करते थे। कोई भी उनसे सलाह-मशविरा किये बगैर काम नहीं करते थे। पौ फटते ही सभी एक साथ भोजन की तलाश में निकल जाते थे। दिन भर सभी एक-दूसरे का बहुत ख्याल रखते थे। साँझ होते ही पेड़ पर लौट आते थे। आने वाले दिनों में भोजन की खोज में जाने संदर्भित चर्चा करते थे। इस तरह वानरदल में प्रेम-एकता, भाईचारा व सहयोग का अनूठा संगम देखने को मिलता था।

बंदरों के समूह में एक छोटा सा बंदर था- ओमी। वह बहुत शरारती था। उसके माता-पिता हमेशा परेशान रहते थे। अन्य बंदरों को भी उसकी हरकतें बिल्कुल पसंद नहीं थी। उसे हमेशा डाँट-डपट सुनने को मिलती थी। मुखिया बंदर हमेशा ओमी की शरारत पर उसे समझाता था। मुखिया सदैव अपने साथियों के समक्ष ओमी की तरफदारी करते हुए कहा करते थे कि एक दिन वह अवश्य सुधर जाएगा। मुखिया की प्रेमपूर्ण तरफदारी से ओमी सबसे बच जाता; और जाने-अनजाने में हरकतें करता ही रहता था। कभी-कभार तो ऐसी हरकतें करता था कि उसके मम्मी-पापा का सर शर्म से झुक जाता था।

एक दिन की बात है। सावन का महीना था। आकाश काले-काले बादलों से ढका जा रहा था। बदन कँपकँपाती हवा की आहट आ रही थी। बिजलियाँ भी चमकने लगी थी। जोरदार बारिश की पूरी सम्भावना थी। सभी बंदर पेड़ पर बैठे हुए थे। मुखिया सबको चेता रहा था कि अब कोई कहीं नहीं जाएगा। सभी पत्तियों की झुरमुट से अपनी बचाव की व्यवस्था कर लें। तभी दल में से एक अनुपस्थित साथी आया। बोला- मुखिया जी , नाले के दूसरे तट पर जामुन का जो पेड़ है , वहाँ से गुजरते हुए मैं आ रहा था , तभी पेड़ पर बैठे पक्षियों के मुखिया नीलकंठ ने कहा कि आप सब बंदर; चाहे तो बचे पके हुए फलों को अपना भोजन बना सकते हैं; और कहा कि इस बात को अपने मुखिया को बता देना। साथी बंदर ने अपनी बात को विराम दी।

सभी बंदर अपने साथी की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे। सबको अच्छा लग रहा था। चिड़ियों का सुझाव भी पसंद आ रहा था। मुखिया ने सर हिलाते हुए कहा- ठीक है, अभी तो उस पेड़ के फलों को खाने की बारी उनकी ही है, पर वे जब अपने से कह रहे हैं तो हमें भी कोई ऐतराज नहीं है। क्यों साथियों...?

हाँ...हाँ....मुखिया जी...ठीक है ना...। सभी बंदरों ने हामी भरी। जाने के दिन व समय को मुखिया पर छोड़ दिया।

तो ऐसा करते हैं...। मौसम को देखते हैं कि कब तक ऐसा ही रहेगा। मौसम खुलेगा फिर चलेंगे। इस समय कोई वहाँ नहीं जाएगा। तेज बारिश हो सकती है। ऐसे में खतरा मोल लेना ठीक नहीं है।

ठीक है मुखिया जी, आप सही कह रहे हैं। कहते हुए सभी रात्रि विश्राम के लिए अपनी-अपनी जगह पर चले गये। साँझ को रात्रि अपनी आगोश में ले रही थी।



रात हो गयी। सब सो गये। पर एक नन्हा सा बंदर जाग रहा था; और वह था ओमी। सबकी पूरी बातें वह सुन और समझ चुका था। उन सबकी बातों ने ओमी की नींद उड़ा दी। अब ओमी का दिमाग चलने लगा कि क्यों न मैं अभी स्वयं चुपचाप अकेले जाकर पके-मीठे जामुन का मजा उड़ाऊँ। उसका मन गदगद-गदगद हो रहा था कि ये सभी तो घोड़े बेचकर सो रहे हैं। इन्हें तो कुछ पता ही नहीं चलेगा कि मैं जाऊँगा; और स्वादिष्ट फल खाकर इनके जागने से पहले आ भी जाऊँगा।ओमी मन ही मन हवाई पुल बना रहा था। सभी की गहरी नींद का फायदा उठाकर वह मध्यरात्रि को ही नाले की ओर चल पड़ा।

ओमी नाले के किनारे पहुँचा। रात की वजह से बहते पानी का स्तर उसे समझ नहीं आ रहा था। फिर भी छप-छप छलांग लगाते हुए पानी में चलने लगा। उसे बहते पानी का बिलकुल भय नहीं था। उसकी नजरों में सिर्फ पके-मीठे काले-काले जामुन ही दिखाई दे रहे थे। उसे अपना काम सिद्ध करने की शीघ्रता थी; सो उसने अपनी छलांग की लम्बाई व संख्या बढ़ा दी। अब वह बीच धार में पहुँच गया। ओमी के लिए सब कुछ तो बढ़िया सकारात्मक था, पर एक बात के लिए उसे बहुत अखर रहा था कि नाले के किनारे रहकर भी वह तैरना नहीं सीख पाया। अब तैरने की जरूरत पड़ने लगी। तभी अचानक पानी की धार तेज होने लगी; ओमी तनिक घबराया,फिर भी वह आगे ही बढ़ रहा था। अब धार इतनी तेज हो गयी कि वह बहने लगा। ओमी डर के मारे काँपने लगा। उसे असहाय सा महसूस होने लगा। मुँह में पानी भरने लगा। साँस फूलने लगी। पानी में बार-बार डूबने-निकलने से उसे साँस लेने में दिक्कत होने लगी। बेहोशी छाने लगी थी। तभी अचानक वह एक बहुत बड़े टीले से टकराया। टीले को कसकर पकड़ लिया। धीरे-धीरे करके उस पर चढ़ गया। उसका जी हाय लगा। पानी के तेज बहाव के कारण टीला भी जोर-जोर से हिल रहा था। ठंड से कम; ओमी डर के मारे ज्यादा काँप रहा था। आज उसने मौत को करीब से देखा। जीवन और मृत्यु का अर्थ उसे समझ आ रहा था। वह.बेहद डरा हुआ था। बारिश वाली भीषण काली रात को उसे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। टीले को दोनों हाथों से कसकर पकड़ा ओमी सुबह होने का इंतजार करने लगा।

सुबह हुई। पेड़ पर सबने देखा कि ओमी गायब था। घंटे दो घंटे तक कहीं से लौट आने का इंतजार करने लगे। ओमी नहीं आया, तब सबको चिंता होने लगी। फिर मुखिया के कहने पर सभी ओमी की खोज में निकल पड़े। पूरे दल को चार टोलियों में बाँट दिया गया था। घंटे भर बाद ही एक टोली को ओमी दिखाई दिया। मुखिया ने सबको आवाज लगाई। सभी नाले के किनारे पर आए; देखा कि ओमी की दशा बहुत खराब थी। सबको बात समझ आ गई। फिर मुखिया के आदेश मुताबिक बंदरों ने बरगद की लम्बी जड़ों ( जटाओं ) का जुगाड़ किया। सभी टुकड़ों को जोड़कर एक डोर बनाया। एक बंदर पानी में कुछ दूरी पर जाकर डोर के एक छोर को ओमी को कुछ आवश्यक बातें बताते हुए टीले की ओर फेंका। फिर अपने साथियों के योजनानुसार ओमी ने डोर से अपनी कमर को कसकर बाँधा; और डोर को वह अच्छे से पकड़ा। फिर डोर के दूसरे छोर को बंदरों ने अपनी ओर खींचना शुरू किया। चूँकि पानी का बहुत ज्यादा था; सो बंदरों ने डोर को खींचने में पूरी जोर लगा दी। बड़ी मशक्कत के बाद उन्हें सफलता मिली।

तत्पश्चात ओमी को एक सूखी जगह पर ले जाकर पत्तों पर बिठाया। कुछ बंदर साथी उसके पूरे शरीर को पत्तों से पोछने लगे। ओमी की हालत कुछ ठीक हुई। सबने राहत की साँस ली। चूँकि ओमी से हमेशा सभी बंदर परेशान रहते थे; सो उन्हें आज मौका मिला था। सब गुस्साए हुए थे। आज सबने ओमी को खूब खरी-खोटी सुनाई। अंत में मुखिया सबको शांत करते हुए कहने लगा- बेटा ओमी, अब ऐसी गलती कभी मत करना। अपने से बड़ों की बातें सुनना, समझना व मानना सीखो। हमेशा हर काम सोच-समझकर किया करो। कभी भी किसी को बिना बताए कहीं मत जाना। जान जोखिम में डालकर कोई काम मत किया करो। लालच करना बहुत बुरी बात है; इसे गांठ बाँध लो। निज स्वार्थ से कोई काम सिद्ध नहीं होता। एक बात ध्यान से सुनो, प्राकृतिक चीजों- हवा, पानी, आग से जूझने की कोशिश कभी मत करना। प्रकृति के नियमानुसार जीवन जीना सीखो। आज की इस घटना से सबक लो। सभी बंदर मुखिया की बातों को बड़े ध्यान से सुन रहे थे। तभी सबकी नजर ओमी पर गई; देखा कि ओमी क्षमा याचना की मुद्रा में आँखों में आँसू लिये सर झुकाए बैठा था।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
( छत्तीसगढ़ )

# आज खुशी मिलेगी परंतु कल- अपनी काबिलियत पहचानें

निरंतर बढ़ती हुई आपाधापी में लोग इस कदर एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में न जाने कौन कौन से हथकंडे अपनाने लगे हैं। बस उन्हें तो आगे बढ़ना है कैसे भी करके इस दुनिया की भीड़ में अपने चेहरे की एक अलग पहचान बनानी है और इसके लिए कुछ लोग किसी भी हद तक कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। कड़वा है बहुत ही कड़वा है यह शब्द परंतु इस जहरीले सच में इतनी सच्चाई है कि मेरे लिखे हुए इन शब्दों को कोई भी टाल नहीं सकता है। जो इस तरह की राह आगे बढ़ने के लिए इख्तियार करते हैं। वह जब मेरे इन शब्दों को पढ़ेंगे तो वह खुद सोचने पर विवश हो जाएंगे और खुद का चेहरा जरूर एक बार आईने में देखेंगे उन्हें ऐसा लगेगा की एक लेखिका ने उनके विभक्त चेहरे को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है चाहे वह मौन रहेंगे परंतु उनके भीतर की अंतरात्मा उनको कसौटती रहेगी। वो खुद अपनी ही नजरों में अपने आप को अपमानित महसूस करेंगे जानते हैं क्यों क्योंकि उन पाठकों को पता है। कि उन्होंने इस दुनिया की भीड़ में आगे बढ़ने के लिए अपने साथियों मित्रों अपनों को ही किस तरह गिरा कर आगे बढ़े हैं। और उन्होंने अपनी उम्र अपनों को गिराया है जिनके अंदर काबिलियत कूट-कूट कर भरी है जो उस पद जो उस सफलता के हकदार थे उन्हें अपने पैरों तले रौंद दिया अपनी ही नाकाबिलियत से। सिर्फ और सिर्फ इस भीड़ में अपना चेहरा एक अलग चमक के साथ दिखाने के लिए। आज मेरे शब्दों में वेदना छुपी है। अपनी काबिलियत को दुनिया के सामने रखने के लिए जी-जान से कुछ लोग मेहनत करते हैं, परंतु उनकी मेहनत पर वो नाकाबिल लोग पानी फेर देते हैं जो अपनी काबिलियत पर नहीं बल्कि किसी के कांधे का सहारा ले निरंतर क़ाबिल इंसान को धकेलते जाते उस नाउम्मीदी के दलदल मे जिस दलदल कि उसने अपनी काबीलियत के चलते कभी कल्पना भी नहीं की थी।

अब तक की जिंदगी के इन गुज़रे मेरे ही लम्हों मे कुछ ऐसे मोड़ आए जो मुझे ही मेरी काबिलियत से विमुख कर कर मुझे ही अपने कांधे का सहारा दे मुझे उस मुकाम के हसीन सपनों के ताने-बाने बुन आगे ले जाने कि बात कर रहे थे। जो सपने मैंने ही अपने भविष्य के लिए संजोए सपने देखना संजोना, एक लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य को भेदने का निरंतर प्रयास करना कोई बुरी बात नहीं परंतु अपने ईमान से डगमगा अपनी काबिलियत को लताड़ कर, किसी ओर के दम् पर आगे बढ़ना क्या ये सही है? नहीं मेरी नज़रों में यह अपनी ही नज़रों मे अपनी ही काबिलियत का अपमान है। ज़रा सी चूक, आगे बढ़ने की जल्द चाह, आपको ना जाने कब किस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दे की जिस समाज में आप अपना रूतबा अपने ऊंचे पद, अहंकार से लाना चाहते थे वो ऐसा ना हो कि आपके ही विपरीत आपके ही विमुख हो जाए।

बहुत सरल है किसी के कांधे पर सर रख, किसी का हाथ थाम, किसी की चापलूसी कर आगे बढ़ना परंतु जो आपके भीतर का आत्म सम्मान है उस आत्म सम्मान को पहुंचती निरंतर चोट से घायल होता हुआ अंतर्मन आपको वो खुशी दे पाएगा। नहीं मिलेगी वो खुशी। खुशी तो तब होगी जब आप अपने ही दम पर अपनी काबिलियत के जोर पर आगे बढ़े और अपनी ही भीतर कला को ओर भी अधिक चमकाने का प्रयत्न करें आपकी मेहनत ही आपको तृप्ति दे सकती है। वो कहावत है ना खाली हाथ आए हैं खाली हाथ ही जाएंगे। फिर क्यों इतनी आपाधापी में हम भी अपने आप की काबिलियत को नकार, आपाधापी के पीछे-पीछे भाग रहे हैं। सिर्फ देखा-देखी चेहरे पर नकाब लगा की मैं तो इतना बढ़ा , अमीर इंसान हूं, दुनिया मुझे सलाम ठोकती है यही सोच से आप अपने बाहरी आवरण पर तो नकाब लगा खुश हो जाएंगे। परंतु सच क्या आप खुश हो पाएंगे ये जवाब तो आपके ही भीतर, आपके ही अंतर्मन को पता होगा। क्यों कि किसी का कांधा यदि आपको सहारा दे सकता है आपके समक्ष वो कांधा ये तसल्ली देता है कि वो कांधा सिर्फ आपके लिए है। तो भ्रमजाल में मत रहियेगा खास करके महिलाएं ऐसे लोग एक नहीं दस लोगों को अपने कांधे का सहारा दे रहे होते, हर एक को अंधेरे में रख कर। इसलिए काबिलियत को अपनी हीरे की कनी की तरह बारिकी से तराशो ना कि अपनी काबिलियत से विमुख हो किसी के कांधे के सहारे से आगे बढ़ें। जो आज आपको कांधे का सहारा दे कर खुश कर रहा है, वो हो सकता है दूसरों कि चापलूसी से अधिक प्रसन्न होकर आपको ही उस अंधकार मय राह पर छोड़ दें जिसकी कल्पना आपने कभी की ही नहीं थी और कहीं उसी के चलते आप इतने अधिक विचलित हो जाएं की आप अपनी ही काबिलियत को ही टूटकर भूल जाएं। आप सभी बहुत काबिलियत से भरे हैं बस आपको अपनी-अपनी काबिलियत को पहचान उसे तराश कर दुनिया के समक्ष लाकर अपनी पहचान बनानी है। यही गर्व से समाज में सर उठाकर जीने का,खुश रहने का बहुत बड़ा मंत्र है।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,
महाराष्ट्र

# प्रियंका अग्निहोत्री गीत मयराष्ट्र नवरत्न काव्य चेतना सम्मान से सम्मानित



हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा देश भर के 21 कवियों को मयराष्ट्र नवरत्न काव्य चेतना सम्मान प्रदान किया गया । अंतरराष्ट्रीय कवि युगल सौरभ सुमन एवं अनामिका अम्बर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओजकवि डॉ0 हरिओम पंवार एवं उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री डॉ0 सोमेंद्र तोमर ने सभी साहित्यकारों को सम्मानित किया। सिने कलाकार राधिका गौतम तथा आईआईएमटी के निदेशक मयंक अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कवि युगल सौरभ सुमन एवं अनामिका अम्बर ने सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# शिक्षा,चिकित्सा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता:मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया मेडिकल कॉलेज भवन का वर्चुअल लोकार्पण,उप मुख्यमंत्री हुए भावुक

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से वर्चुअली जुड़कर सरगुजा में तैयार राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया तो मौके पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका शानदार अभिवादन किया। सभी ने इसे बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया। 374.08 करोड़ की लागत से निर्मित इस परिसर में मुख्य रूप से 54.26 करोड़ रुपए की लागत से बने महाविद्यालय भवन, 120.73 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे हॉस्पिटल भवन के साथ ऑडिटोरियम, छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, डीन आवास सहित अन्य कार्य शामिल हैं। यह राज्य का छठवां मेडिकल कॉलेज है। इस मेडिकल कॉलेज की खासियत है कि यहां मेडिकल स्टूडेंट्स के कौशल एवं दक्षता विकास के लिए वृहद स्किल्स लैब और बहरेपन के परीक्षण एवं ईलाज की विशेष सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। मेडिकल कॉलेज से सरगुजा संभाग सहित आसपास के आदिवासी अंचलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि राज्य में दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने लगातार काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लीनिक सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। हमारी कोशिश है कि राज्य में बेहतर कार्य करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बने। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय भी राज्य के लोगों को उपचार के साथ अन्य सुविधाएं देने में छत्तीसगढ़ की सरकार आगे थीं। गरीब परिवारों को सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध कराने राज्य में धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोले गए हैं। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, एसपी सुनील शर्मा, मेडिकल कॉलेज के डीन रमेशनन मूर्ती, तेलघानी बोर्ड के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण बोर्ड के सदस्य अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सरगुजा सदस्य राकेश गुप्ता, एमआईसी सदस्य द्वितेंद्र मिश्र, सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मेडिकल कॉलेज के शिक्षकगण, बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं और आम नागरिकगण उपस्थित रहे।



### मां का आंचल पूरे सरगुजावासियों के लिए था

अम्बिकापुर में शासकीय मेडिकल का लोकार्पण के अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का नामकरण मम्मी के नाम पर किया गया है। राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की स्मृति में यह बड़ी सौगात दी गयी है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा योगदान है। ममतामयी माँ के सम्मान के लिए वे आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि मम्मी सिर्फ उनकी ही नहीं थीं, उनका आँचल पूरे सरगुजावासियों के लिए था। वह बड़ी ममता और प्रेमभाव से सरगुजा को देखती थी। छोटे से छोटे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री तक जाने में संकोच नहीं करती थी। उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात देने और इसमें सहयोग के लिए सभी का आभार भी जताया।

### मेडिकल कॉलेज से मिलेगी सभी को सहूलियत

स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह मेडिकल कॉलेज एक नई और बड़ी उपलब्धि है। इससे जिले एवं अंचल की दिशा और दशा बदल जाएगी। इस दौरान संसदीय सचिव एवं सामरी विधायक चिंतामणि महाराज, सीजी एमएससी अध्यक्ष एवं विधायक लुण्ड्रा डॉ प्रीतम राम, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद उपस्थित रहे। सरगुजा के कार्यक्रम स्थल से जिला उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह ने भी मेडिकल कॉलेज का नामकरण दादी के नाम पर किए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी दयानंद ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सरगुजा संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया।



### अनेक सुविधाओं से लैस है मेडिकल कॉलेज

374.08 करोड़ की लागत से निर्मित इस परिसर में मुख्य रूप से 54.26 करोड़ रुपए की लागत से बने महाविद्यालय भवन, 120.73 करोड़ रुपए की लागत से बने हॉस्पिटल भवन के साथ ऑडिटोरियम, छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, डीन आवास सहित अन्य कार्य शामिल है। यह राज्य का छठवां मेडिकल कॉलेज है। इस मेडिकल कॉलेज की खासियत है कि यहां मेडिकल स्टूडेंट्स के कौशल एवं दक्षता विकास के लिए वृहद स्किल्स लैब और बहरेपन के परीक्षण एवं ईलाज की विशेष सुविधा उपलब्ध है। मेडिकल कॉलेज के नवीन महाविद्यालयीन भवन में कुल 07 विभाग संचालित होंगे। जिनमें एनाटॉमी विभाग, बायोकेमेस्ट्री विभाग, फिजियोलॉजी विभाग, कम्यूनिटी मेडिसीन विभाग, फोरेंसिक मेडिसीन विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, फार्माकोलॉजी विभाग विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को सुविधाजनक प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था है।

### खेल व शिक्षा के बढ़ावा के लिए सतत् प्रयास जारी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गांधी स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम हॉल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, नगरीय प्रशासन एवं जिला प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी शामिल रहे।



जिले में कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम अम्बिकापुर महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई, अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार खेल व शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के समावेशी विकास के लिए लगातार सार्थक प्रयास राज्य शासन द्वारा किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने क्षेत्रवासियों को सुसज्जित व सर्वसुविधायुक्त इनडोर स्टेडियम मिलने पर बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने खेल प्रेमियों के लिए इसे बहुत ही सुंदर उपहार बताया। उन्होंने कहा खेल, समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है और इससे निसंदेह नगर वासियों को लाभ प्राप्त होगा।

### लोकार्पण तथा शिलान्यास के प्रमुख कार्य

मुख्यमंत्री बघेल ने यहां 4 करोड़ 37 लाख 64 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त मल्टीपरपज इण्डोर हॉल का लोकार्पण किया। जहां खिलाड़ियों हेतु 4 बैडमिंटन कोर्ट, 3 टेबल टेनिस, बास्केट बॉल एवं व्हॉलीबॉल कोर्ट की सुविधा है। मल्टीपरपज इंडोर हॉल में महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों हेतु पृथक-पृथक चेंजिंग रूम, वॉशरूम, क्लॉक रूम, खेल उपकरण कक्ष, प्रथम तल में सीटिंग एरिया उपलब्ध है। यहां भविष्य हेतु स्कवैश कोर्ट, शूटिंग रेंज इत्यादि की भी योजना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने केशवपुर, सोहगा, राजापुर, बिलासपुर तथा निम्हा में 6 करोड़ 86 लाख 11 हजार की लागत से निर्मित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों का लोकार्पण किया। वहीं 5 करोड़ 39 लाख 47 हजार रुपए के लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के कार्यों में 3 करोड़ 39 लाख 22 हजार रुपए से महात्मा गांधी स्टेडियम का उन्नयन कार्य, पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में एक करोड़ 25 हजार रुपए की लागत से मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कार्य तथा नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के समस्त वार्डों में एक करोड़ रुपए की लागत से विद्युतीकरण कार्य शामिल है।

# शिवभजन सिंह मरावी ने सड़क दुर्घटना में घायल अशोक कुशवाहा को पहुंचाया अस्पताल

» मानवता का मिशाल बने शिवभजन सिंह मरावी अब तक सैकड़ों लोगो को पहुंचाया है अस्पताल

» वो कहते है न मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है और बचाने के लिए भगवान किसी न किसी रूप में बचाने आ ही जाते है

-संवाददाता-
सूरजपुर ,08 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मरावी कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर जरही से वापस आते समय मुख्य मार्ग सरहरी में मोटर सायकल से अशोक कुशवाहा निवासी सरहरी को मोटरसाइकिल ने ठोकर मार दिया जिससे जख्मी हो गए था सड़क मेंखून से लथपथ पड़े अशोक कुशवाहा को अपनी गाड़ी में बिठाकर इलाज के लिए



अस्पताल पहुंचाया उस समय लोगो का दिल जीतलिया । शिवभजन सिंह मरावी लगातार सड़क दुर्घटनाग्रस्त हुये लोगो को अस्पताल पहुँचाने वाले मसीहा के रूप में जाने जाते है ।युवानेता घायलावस्था पड़े अशोक कुशवाहा को गाड़ी में बैठाकर प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहां डॉक्टरो ने प्रारंभिकउपचार प्रारंभ किये जिसमें अशोक कुशवाहा के पैर फ़्रैक्चर व गंभीर चोटें आई है। शिवभजन सिंह मरावी ने बताया कि उनके परिजनों नेहॉस्पिटल पहुचे तब वे वापस लौटे । दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति और परिवारजनों ने शिवभजन सिंह का जताया आभार ज्ञात है शिवभजन सिंहमरावी पहले भी सड़क दुर्घटना में लोगो को मदद कर अस्पताल पहुँचाने के हमेशा तत्पर रहते हैं । साथ ही शिवभजन सिंह मरावी लोगो से सड़क दुर्घटना में घायल लोगो को अस्पताल पहुँचाने का अपील लोगों से किया है ।

# स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल से चरमरा गई है पीएचसी एवं सीएचसी की स्वास्थ्य व्यवस्था

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

24 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शनिवार को हड़ताल का पांचवां दिन है। शासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लेने से कर्मचारियों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का कहना है कि विधान सभा के मानसून सत्र से पहले आयोजित मंत्रिमंडल के बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए कोई अच्छा निर्णय नहीं आने के कारण कर्मचारी और अधिक उग्र हो गए हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आपातकालीन सेवाओं को भी ठप कर के आंदोलन को और तेज करेंगे। स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल में होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई है तथा मेडिकल कालेज में मरीज ज्यादा संख्या में पहुंच रहे हैं। पीएचसी एवं सीएचसी भी हड़ताल के कारण पूरी




तरह बंद हैं चिकित्सक किसी तरह व्यवस्था बनाकर केवल मरीजों को उच्च सेंटर में रेफर करने का काम कर रहे हैं। जिसके कारण मरीज़ हलाकान हैं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, मलेरिया रोधी कार्यक्रम, डेंगू रोधी कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय टीकाकरण, गर्भवती जांच ,बीपी की जांच, शुगर की जांच, मलेरिया जांच ,जल शुद्धिकरण आदि कार्यों की जिम्मेदारी उप स्वास्थ्य केंद्र ,हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की होती है। इनके हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि उनकी मांगें जब तक पूरी नहीं होगी तब तक वे लोग काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

## बूथ चलो अभियान कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हुए शामिल



-संवाददाता-
लखनपुर ,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

सामुदायिक भवन में 8 जुलाई दिन शनिवार की शाम लगभग 4:00 बजे बूथ चलो अभियान कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम रखा गया था। सरगुजा जिले के विभिन्न कार्यक्रमों से सहित बूथ चलो अभियान कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव कांग्रेस पदाधिकारी शामिल होते। परंतु रायपुर में मौसम खराब होने वजह से हेलीकॉप्टर उड़ न सका जिससे मुख्यमंत्री का सरगुजा दौरा कार्यक्रम रद्द हो गया वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों में जुड़े। बूथ चलो अभियान कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में लखनपुर उदयपुर के बूथ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने संबोधित किया। वर्चुअल कार्यक्रम में लुण्ड्रा विधायक व सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम जिला पंचायत उपाध्यक्ष व रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंहदेव विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह देव , किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ब जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंहदेव , किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सैलेश सिंहदेव, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, जिला पंचायत मंत्री प्रतिनिधि रणविजय सिंह देव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र पांडे, रमेश जायसवाल, गप्पू खान, इरसाद खान,, उदयपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजनाथ सिंह, ओमप्रकाश, सुजीत गुप्ता, महेश नायर, राम सुजान दिवेदी, अजहर राम चौधरी, मकसूद हुसैन, भानु रजवाड़े,सहित लखनपुर उदयपुर के बूथ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मानहानि मामले में गांधी की अपील खारिज किये जाने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

मानहानि मामले में गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की अपील खारिज किये जाने पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस ने एक दिवसिय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया। डाटा सेंटर गांधी चौक पर आयोजित इस धरना-प्रदर्शन में बडी संख्या में कांग्रेस के कायकर्ता मौजूद थे। मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि एक षडय़ंत्र के तहत भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने राहुल गांधी विरुद्ध देश के विभिन्न कोर्ट में दर्जनों मामले कायम कर रखे हैं। भाजपा डरी हुई है, क्योकि राहुल गांधी देश के गरीब-मजबूरों की आवाज बन उभरे हैं। सभा को संबोधित करते हुए श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि राहुल गांधी मोदी सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने की सजा भुगत रहे है। जिस प्रकार से यह सरकार देश के संपत्तियों को एक विशेष दोस्त उद्योगपति को



सौंप रही है, उसके खिलाफ देश राहुल गांधी के नेतृत्व में उठ खडा हुआ है। इसी की परिणिति है कि राहुल गांधी को फंसाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि भाजपा लगातार कानूनी धाराओं एवं जांच एजेंसियों का उपयोग एक राजनैतिक हथियार के रुप में कर रही है। चूंकि राहुल गांधी भाजपा के लोकतंत्र विरोधी अभियान, अदानी के साथ मिलकर किये जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ देश की आवाज बन रहे हैं, इस कारण भाजपा अपने लोगों के माध्यम से लगातार उनके खिलाफ देश की विभिन्न अदालतों में मानहानि के मामले दाखिल करवा रही है। धरना प्रदर्शन में सीजीएमएसए के चेयरमैन एवं लुंड्रा विधायक डॉ. प्रितम राम, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, फुलकेरिया भगत, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, युवक कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा, नितिश चौरसिया, राजनीश सिंह, गीता रजक, आतिफ रजा, हिमांशु जायसवाल, निक्की खान, दिनेश कुमार शर्मा, नवीन जायावाल, चंद्रभूषण सिंह, अनील सिंह, हिमांशु अग्रवाल, आकाश अग्रहरी, आशीष शील, जीशान रजा, अभिषेक सोनी, प्रीतिका विश्वकर्मा, साक्षी गुप्ता, गौतम गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, आकाश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संत मदर तेरेसा गोल्ड कप का शुभारंभ 23 जुलाई से

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'संत मदर तेरेसा गोल्ड कप' फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 नवापारा चर्च मैदान में सम्पन्न कराया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में शनिवार को आवश्यक बैठक खेल अध्यक्ष अजय अरुण मिंज, संरक्षक जगजीत मिंज, उपाध्यक्ष विनोद एक्का तथा अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 जुलाई 2023 को तथा समापन 20 अगस्त 2023 को करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 25 टीमों को भाग लेने की अनुमति रहेगी। प्रतियोगिता लीग पद्धति से खेला जायेगा। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य पात्रिक, जॉनी, सुशील, संजय, दीपक, रवि, बिपिन, मनोज, जेवियर, संदीप, हंसराज, विकास, बसंत, उपस्थित थे।

# बंटेश्वर सारथी तीसरी बार बने शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष,सदस्यों को दिलाई शपथ

### निःशुल्क बाल शिक्षा अधिनियम 2009 अंतर्गत किया गया शाला प्रबंध समिति का पुनर्गठन

-संवाददाता-
सूरजपुर ,08 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ में शाला प्रबंध समिति के पुनर्गठन को लेकर अभिभावकों की बैठक बंटेश्वर सारथी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई । बैठक में स्कूल के सफलतापूर्वक संचालन के लिए शाला प्रबंध समिति के पुनर्गठन का प्रस्ताव प्रधान पाठक गौतम शर्मा के द्वारा रखा गया। आयोजित बैठक में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों के चयन को लेकर विचार - विमर्श उपरांत 16 सदस्य चुने गये। निश्शुल्क बाल शिक्षा अधिनियम 2009 अंतर्गत बनाये गये नियम 2010 के नियम 3 के अनुसार समिति में 75 प्रतिशत सदस्य अर्थात् 12



सदस्य बच्चों के माता - पिता या पालक, शेष 25 प्रतिशत सदस्य अर्थात् 4 सदस्य में से 1 पंचायत के निर्वाचित सदस्य, 1 विद्यालय का शिक्षक और 1 सदस्य स्थानीय शिक्षाविद या विद्यालय का विद्यार्थी का चयन किया गया। समिति के 50 प्रतिशत अर्थात् 8 पदों पर महिला सदस्यों को नियुक्त किया गया है। अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से बंटेश्वर सारथी को उनकी विद्यालय के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, लगन विद्यालय के प्रति सहयोग की भावना को देखते हुए लगातार तीसरी बार शाला प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही महेश सारथी को उपाध्यक्ष,गौतम शर्मा को संयोजक और विनिता सिंह को सह संयोजक के रूप में चयन किया गया। वही श्रीमती चन्द्रलेखा, श्रीमती सुरेखा, अमेला कुमार, देववंश, राजेश, सरीफन, श्रीमती जानकी देवी, श्रीमती सोनामती, श्रीमती नीलमा, श्रीमती कौशिल्या, श्रीमती सीमावती और कुमारी भूमि को सदस्य के रूप में चुना गया। अध्यक्ष बंटेश्वर सारथी ने समिति के सदस्यों को शाला प्रबंध समिति के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए शपथ दिलाया और कहा कि हम सभी को मिलकर चट्टीडांड़ स्कूल का सर्वांगीण विकास करने में अपना शत् प्रतिशत योगदान देना होगा,क्योंकि ये अकेले संभव नहीं है। इस समिति का कार्यकाल शिक्षा सत्र 2023 - 24 के लिए होगा। यह सम्पूर्ण प्रक्रिया संकुल केन्द्र जयनगर आजाक के संकुल समन्वयक संजय मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# तीन लोगों से 98 हजार की ठगी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

जमीन बिक्री करने के नाम पर तीन लोगों से 98 हजार रुपए धोखधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ओमदत्त कुशवाहा करजी थाना दरिमा का मूल निवासी है। वह अंबिकापुर कलेक्टोरेट बंगला के पीछे रहकर काम करता है। वह जमीन खरीदने के लिए बौरीपारा निवासी नरेश जायसवाल को 65 हजार रुपए दिया था। इसके अलावा विजय कुमार यादव 23 व उमेश जायसवाल 10 हजार रुपए दिया था। तीनों व्यक्तियों से कुल 98 हजार रुपए लेने के बाद भी जमीन रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। जमीन कभी संजय पार्क के पास बताता है तो कभी मणिपुर क्षेत्र में होना बताता है। पीड़ितों ने जब पटवारी से पता किया तो उसका जमीन नहीं होना बताया गया। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस ने नरेश जायवाल के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## पेशी में आए युवक की बाइक पार

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। न्यायालय परिसर से अज्ञात चोरों ने पेशी में आए युवक की बाइक पार कर दी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार जीवन एक्का दरिमा थाना क्षेत्र के नानदमाली का रहने वाला है। वह 5 जुलाई को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 9223 से अंबिकापुर न्यायालय पेशी में आया था। दोपहर 12 बजे वह अपनी बाइक को कोर्ट परिसर में स्थित पार्किंग में खड़ा किया था। पार्किंग कर्मचारी को 10 रुपए देकर बाइक खड़ा करने के लिए टोकन भी लिया था। इसके बावजूद भी शाम को जब वह घर जाने के लिए निकाला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

CMYK

## ट्विटर ने लॉ फर्म पर किया मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को । ट्विटर ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व करने वाली एक लॉ फर्म पर मुकदमा दायर किया है। दरअसल, एलन मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में प्लेटफॉर्म खरीदने की अपनी डील से पीछे हटने की कोशिश की थी। पिछले साल मस्क द्वारा कंपनी का अधिग्रहण करने के अपने समझौते को समाप्त करने की कोशिश के बाद ट्विटर के पिछले प्रबंधन ने कॉर्पोरेट लॉ फर्म को काम पर रखा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक विलय एवं अधिग्रहण मुकदमों की शीर्ष लॉ फर्म वाचटेल, लिप्टन, रोजेन एंड काट्ज को ट्विटर से नौ करोड़ डॉलर फीस मिली, जो सोशल नेटवर्क के अनुसार अन्यायपूर्ण संवर्धन था। ट्विटर अब चाहता है कि यह फीस वापस की जाए। ट्विटर की मूल कंपनी एक्स कॉर्प द्वारा सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है। मुकदमे में कहा गया है कि लॉ फर्म ने कैश रजिस्टर से फंड तब लिया जब चाबियां मस्क को सौंपी जा रही थीं, जो एक्स कॉर्प के मालिक हैं। मुकदमे के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, ट्विटर के बोर्ड और अधिकारियों ने नौ करोड़ डॉलर के भुगतान को मंजूरी दे दी क्योंकि लॉ फर्म मस्क को कंपनी खरीदने के समझौते का पालन कराने में सफल रही थी।

## धोखाधड़ी करने वाले 1100 छात्रों को भारत भेजेगा अमेरिका

न्यूयॉर्क। टैक्सास एवं न्यूयॉर्क की लगभग दो दर्जन अमेरिकन यूनिवर्सिटी में फर्जी तरीके से दाखिला लेने वाले छात्रों की सूची, अमेरिकी प्रशासन ने तैयार कर ली है। लगभग 1100 भारतीय छात्र 1 साल से अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। इन सभी ने वहां पर पार्ट टाइम जॉब के लिए रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था। भारत के एक होटल में फर्जी तरीके से विभिन्न विश्वविद्यालयों की परीक्षा आयोजित कराई गई। जब इन छात्रों ने अमेरिका के कॉलेजों में दाखिला लिया। उसके बाद विश्वविद्यालय के सामने इनकी असलियत खुल गई। जाँच होने पर यह मामला उजागर हुआ है। इनमें से अधिकांश छात्र गुजरात के हैं। भारत में ऑनलाइन परीक्षा के नाम पर यह घोटाला किया गया। इस परीक्षा में हाईटेक तरीके से परीक्षा में फर्जीवाड़ा कराया गया था। होटल के कमरे में लैपटॉप और ब्लूटूथ की सहायता से परीक्षार्थियों से परीक्षा का नाटक कराया गया था। लैपटॉप के नीचे स्पाई कैमरे लगाए गए थे। ब्लूटूथ की बोर्ड से छात्र की ओर से आंसर लिख दिए जाते थे। परीक्षा के दौरान अमेरिका में बैठे परीक्षकों को शक ना हो, इसके लिए छात्रों से कहा जाता था, कि वह परीक्षा के समय में टाइपिंग करने का नाटक की बोर्ड में करते रहें। फर्जी परीक्षा दिलाकर परीक्षार्थियों को अच्छे नंबर दिलाई जाते थे। लाखों रुपए परीक्षार्थियों से लेकर उनका एडमिशन विदेशों के कॉलेजों में कराया गया था। जब यह छात्र वहां पढ़ने गए, वहाँ इनका शिक्षा का स्तर बहुत कम था। इसके बाद विश्वविद्यालय ने इसकी जांच कराई, और मामला खुलकर सामने आया। अब अमेरिका से 1100 छात्रों को वापस भारत भेजा जा रहा है।

## जिब्राल्टर के पास हैं सबसे ज्यादा गाड़ियां, अमेरिका-जापान को भी पीछे छोड़ा

लंदन । दुनिया का एक देश ऐसा भी है जिसके लोगों के पास सबसे ज्यादा गाड़ियां हैं। उसने अमेरिका, जापान और चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। इस देश में हरेक 1000 लोगों पर 1,300 गाड़ियां हैं। जिब्राल्टर देश ऐरिया में भले ही छोटा है, लेकिन यहां संपन्नता अधिक है। गौरतलब है कि जिब्राल्टर स्पेन के दक्षिणी तट पर स्थित के ब्रिटिश कॉलोनी है। इस पर सन 1713 से ब्रिटेन का कब्जा है। मात्र 6.8 वर्ग किमी में फैले जिब्राल्टर की आबादी मात्र 32,669 है। विश्व सांख्यिकी के मुताबिक जिब्राल्टर में प्रति 1,000 लोगों पर 1,444 गाड़ियां हैं। इनमें कार, वैन, बस, फेट और दूसरे तरह के ट्रक शामिल हैं लेकिन टू वीलर को इसमें शामिल नहीं किया गया है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर सैन मरीनो का नाम है। यूरोपीय देश लिंकटेंस्टिन में प्रति 1,000 व्यक्तियों पर गाड़ियों की संख्या 1,193 है। अंडोरा में यह संख्या 1,050, मोनैको में 910 और न्यूजीलैंड में 884 है। इस लिस्ट में अमेरिका सातवें नंबर पर है। दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका में प्रति 1,000 लोगों पर 831 गाड़ियां हैं। कनाडा और फिनलैड में यह आंकड़ा 790 है। इसी तरह माल्टा में प्रति 1,000 लोगों पर 786 गाड़ियां हैं। लक्जमबर्ग में यह आंकड़ा 784 और ऑस्ट्रेलिया में 782 है। इटली में प्रति 1,000 लोगों पर 755 गाड़ियां, एस्तोनिया में 720, पोलैंड में 687, फ्रांस में 668, चेक रिपब्लिक में 648, जर्मनी में 628 और स्पेन में 627 गाड़ियां हैं। एशिया में प्रति 1,000 लोगों में सबसे ज्यादा गाड़ियां जापान में हैं। वहां 1,000 लोगों पर 624 गाड़ियां हैं। यूके में यह संख्या 600, कतर में 591, मलेशिया में 542, साउथ कोरिया में 485, रूस में 395, इजरायल में 390, यूएई में 354, तुर्की में 254 और चीन में 226 है। इसके मुताबिक भारत में 1,000 लोगों पर 59 गाड़ियां हैं। पाकिस्तान की बात करें तो वहां 1,000 लोगों के पास 29 गाड़ियां हैं जबकि बांग्लादेश में यह संख्या 27 है। नॉर्थ कोरिया में प्रति 1,000 लोगों पर केवल एक गाड़ी है।

## दरिंदें पति ने पत्नी की हत्या कर....खोपड़ी का एशट्रे बनाया

मैक्सिको सिटी । कहते हैं कि एक लड़की मां-बाप के बाद अपने पति पर ही सबसे ज्यादा विश्वास करती है, लेकिन अगर वह ही हैवान बन जाए तब क्या होगा। हालात ये हैं कि जिन पर सबसे ज्यादा भरोसा किया जाता है, वहीं जान के दुश्मन बनते जा रहा है। मैक्सिको से ऐसा मामला सामने आया है, जहां रिश्तों से विश्वाश ही उठ जाएगा। मैक्सिको सिटी में 32 साल के एक शख्स ने ना सिर्फ अपनी पत्नी की हत्या की बल्कि उसका भेजा निकाल लिया। इतना ही नहीं दरिंदें पति ने पत्नी की खोपड़ी का एशट्रे तक बना डाला। इस दरींदे को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी शादी पिछले साल मारिया मोंटसेराट के साथ हुई थी। मारिया पहले से शादीशुदा थी, उसकी पांच बेटियां हैं। आरोपी ने बताया कि उसने पत्नी की हत्या सांता मुएर्टे और एक शैतान के आदेश पर किया मैक्सिको और अमेरिका में सांता मुएर्टे को मृत्यु का अवतार कहा जाता है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने शव को टुकड़े किए फिर अवशेषों को प्लास्टिक की थैलियों में भर दिया। शव के कुछ हिस्सों को उसने गड्ढे में फेंक दिया। वहीं बाकी को घर में रख लिया। उसने अपनी पत्नी के दिमाग का हिस्सा खा लिया और उसकी टूटी हुई खोपड़ी को ऐशट्रे के रूप में इस्तेमाल कर लिया।

## भारत ने नेपाल की राजनीति में कभी हस्तक्षेप नहीं किया : ओली

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली ने कहा कि प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की एक हालिया टिप्पणी को लेकर भारत को विवाद में नहीं घसीटा जाना चाहिए जिसमें प्रचंड ने कहा था कि नेपाल में भारतीय कारोबारी सरदार प्रीतम सिंह ने उन्हें प्रधानमंत्री बनाने के प्रयास किए थे। प्रंचड ने कहा था, 'उन्होंने (सिंह ने) एक बार मुझे प्रधानमंत्री बनाने का प्रयास किया था।' प्रचंड ने एक किताब के



विमोचन कार्यक्रम में कहा, 'उन्होंने मुझे प्रधानमंत्री बनाने के लिए कई बार दिल्ली की यात्रा की और काठमांडू में राजनीतिक नेताओं के साथ कई दौर की बातचीत की।' उनकी टिप्पणी ने विवाद खड़ा कर दिया है और कई हलकों से इसकी आलोचना हुई है और संसद की कार्यवाही भी ठप कर दी गई है। प्रचंड की टिप्पणी पर ओली ने कहा, 'भारत अच्छी तरह से जानता है कि नेपाल में सरकार गठन में हस्तक्षेप करना नेपाल की संप्रभुता का उल्लंघन होगा और उसने ऐसा नहीं किया है और न ही करेगा।' उन्होंने यह भी दावा किया कि सिंह ने प्रचंड के उस बयान को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि सिंह ने सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिल्ली की यात्रा की थी। ओली के मुताबिक, सिंह ने कहा है, मैं प्रचंड को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिल्ली नहीं गया था। मुझे नहीं पता कि प्रधानमंत्री ऐसा क्यों कह रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें प्रधानमंत्री बनाने के लिए कभी दिल्ली नहीं गया।' ओली ने काठमांडू में यूएमएल की छात्र शाखा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में उक्त टिप्पणी की। ओली ने कहा, 'भारत ऐसा कभी नहीं कहता लेकिन हमारे प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि नेपाल की संप्रभुता नेपाली जनता या संसद में नहीं है और सरकार संसद से नहीं बनती बल्कि दिल्ली जाने से बनती है।'' उन्होंने कहा कि प्रचंड का बयान हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता और राष्ट्रवाद के लिए झटका है।



मैक्सिकों में एक ऑफशोर ऑयल प्लेटफार्म में लगी आग को बुझाने के लिए पानी की बौछारें करती हुई नौकाएं।

## पुतिन और शी जिनपिंग की मुलाकात पर बाइडेन ने क्यों कहा संभल जाए

वॉशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को संभलने का संकेत दिया है। एक इंटरव्यू के अनुसार बाइडेन ने शी को कहा कि वे सावधान रहे क्योंकि वह पश्चिमी निवेश पर निर्भर है। यह बात शी भी कई बार कह चुके हैं कि उनकी अर्थव्यवस्था पश्चिमी निवेश पर निर्भर करती है। बाइडेन ने उन्हें सावधान तब किया जब उनकी और पुतिन की बैठक हुई। बाइडेन ने कहा, यह मैंने कोई धमकी नहीं दी है यह मेरा आंकलन है। जब से रूस और यूक्रेन में युद्ध हुआ है, 600 अमेरिकी नागरिक रूस से बाहर निकल गए हैं



और आपने मुझे बताया है कि आपकी अर्थव्यवस्था यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के निवेश पर निर्भर करती है, इसकारण सावधान रहें। पुतिन और शी जिनपिंग ने इस साल मार्च में मुलाकात की थी। दोनों देशों ने मित्रता के गर्मजोशी भरे शब्दों में पश्चिम की आलोचना करते हुए अपनी बातचीत की। इस दौरान जिनपिंग और पुतिन के बीच साढ़े चार घंटे तक बातचीत चली। इस बैठक का अमेरिका ने विरोध किया। ताइवान, यूक्रेन में रूस के युद्ध, उन्नत प्रौद्योगिकियों पर बढ़ते अमेरिकी निर्यात प्रतिबंध और चीन की राज्य के नेतृत्व वाली औद्योगिक नीतियों सहित राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर अमेरिका-चीन की टेंशन बढ़ गई है।

# रूसी आक्रमण के 500 दिन पूरे होने पर काला सागर द्वीप से जेलेंस्की ने कसा तंज, यूक्रेन को बताया बहादुर देश

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच करीब 17 महीने से जंग जारी है। 24 फरवरी 2022 को इस जंग की शुरुआत उस वक्त हुई थी जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ अपनी सेनाओं को विशे। सैन्य ऑपरेशन करने का आदेश दिया था। वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने काला सागर द्वीप का दौरा किया जिसके रक्षकों ने आक्रमण की शुरुआत में एक रूसी युद्धपोत को ललकारा था। यूक्रेन पर मास्को का आक्रमण 500वें दिन तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि आज हम स्नेक आइलैंड पर हैं, जिसे पूरे यूक्रेन की तरह कब्जा करने वाले कभी नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि हम बहादुरों का देश हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां इस विजय स्थल से इन 500 दिनों के लिए हमारे प्रत्येक सैनिक को धन्यवाद देना चाहता हूं।



बता दें कि साल 2014 में रूस ने काला सागर पर क्रीमिया प्रायद्वीप पर अपना कब्जा जमा लिया था। मगर रूस इसे पूर्वी-दक्षिणी यूक्रेन में अपने विशेष सैन्य अभियान के दायरे से बाहर मानते हुए आया है। रूस ने 24 फरवरी, 2022 को अपना आक्रमण शुरू करने के तुरंत बाद स्नेक द्वीप पर कब्जा कर लिया। बाद में एक रेडियो एक्सचेंज वायरल हो गया जिसमें यूक्रेनी सैनिकों को रूस के हमलावर युद्धपोत के चालक दल से यह कहते हुए सुना गया कि वे अपने आत्मसमर्पण की मांग कर रहे थेय् यूक्रेनी सैनिकों को बंदी बना लिया गया लेकिन बाद में उन्हें रूसी बंदी से बदल दिया गया। कीव ने पिछले साल जून में द्वीप पर दोबारा कब्ज़ा कर लिया।

एक न्यूज एंजेसी के मुताबिक, 24 फरवरी 2022 से लेकर 21 मई 2023 तक इस युद्ध में करीब 15,117 नागरिकों की जान चली गई। वहीं अमेरिका के खुफिया दस्तावेजों के मुताबिक इस युद्ध में करीबन 3,54,000 रूसी और यूक्रेनी सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में फ्लॉप साबित हुआ खालिस्तानियों का प्रदर्शन

**मेलबर्न (एजेंसी)।** कनाडा, यूके और अमेरिका की ही तरह ऑस्ट्रेलिया में भी खालिस्तानियों ने एक प्रोटेस्ट मार्च का आयोजन किया था। यहां पर मेलबर्न में भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तानियों ने प्रदर्शन का मन बनाया था। मगर जानकारी के मुताबिक यह प्रदर्शन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ। मेलबर्न की सेंट किल्डा रोड पर हुई रैली में खालिस्तानियों ने कुछ भारतीयों के साथ मारपीट और धक्का मुक्की भी की। जो पोस्टर भारतीय दूतावास के बाहर लगे थे उनमें एक एके-47 राइफल नजर आ रही थी। पोस्टर पर किल इंडिया लिखा हुआ था और बंदूक की फोटो को देखने से लगता था कि जैसे इस पर पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है। मेलबर्न में ही 29 जनवरी को खालिस्तान समर्थकों और भारत समर्थकों के बीच झगड़ा हुआ था। खालिस्तानी समर्थक पंजाब की आजादी के लिए जनमत संग्रह के नाम पर इकट्ठा हुए थे। पिछले दिनों जाने-माने कनाडाई पत्रकार टेरी मिलेवस्की ने ट्वीट किया था। कि खालिस्तानियों ने भारतीय राजनयिकों को हत्यारा बताने के लिए दुनिया भर में रैलियां करने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया था कि खालिस्तानी सैन फ्रांसिस्को, बर्मिंघम, ओटावा में भारतीय राजनियकों पर नजर रख रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भारत ने राजनयिकों की तस्वीर वाले पोस्टरों पर खासी चिंता जाहिर की है। मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) और ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) के अधिकारियों के साथ दो अलग-अलग ब्रीफिंग की है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय अधिकारी इस बहुत गंभीरता से ले रहे हैं और संबंधित ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं। शुक्रवार को भी भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने अपने ब्रिटिश समकक्ष के सामने खालिस्तान का मुद्दा उठाया।

## चीन से बातचीत के लिए हमेशा तैयार, तिब्बत की आजादी नहीं मांग रहे, दलाई लामा का आया बयान



**ब्रुसेल्स (एजेंसी)।** धर्मशाला। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने चीन से बातचीत की शनिवार को इच्छा जताई, साथ ही स्पष्ट किया कि वह चीन से तिब्बत की आजादी की मांग नहीं कर रहे हैं। दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले कांगड़ा हवाईअड्डे पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, चीन बदल रहा है और उसे अब यह अहसास हो चुका है कि तिब्बत के लोग बहुत शक्तिशाली हैं।

उन्होंने कहा, तिब्बत की समस्या से निपटने के लिए वह (चीन) मुझसे संपर्क करना चाहते हैं और मैं भी बिल्कुल तैयार हूं। एक सवाल के जवाब में दलाई लामा ने कहा, मैं चीन के साथ बातचीत के लिए हमेशा तैयार हूं और वर्षों पहले यह स्पष्ट कर चुका हूं कि हम पूर्ण आजादी नहीं मांग रहे हैं। हम चीन गणराज्य का हिस्सा रहेंगे।'' तिब्बती आध्यात्मिक गुरु लद्दाख के लिए रवाना होने से पहले दो दिन दिल्ली में ही रुकेंगे।

# विरोधियों की लाख कोशिशों के बावजूद पाक राजनीति का सितारा बने हुए हैं इमरान

### -3 अरब डॉलर का कर्ज देने वाले आईएमएफ अधिकारियों ने की मुलाकात

**काठमांडू (एजेंसी)।** सत्ताबदर होने के बाद से लगातार पाकिस्तान की राजनीति में एक नाम लगातार सुर्खियों में रहता है। कभी खुद पर हुए हमले की वजह से तो कभी दर्ज हुए 100 से अधिक मुकदमे और गिरफ्तारी को लेकर। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान विरोधियों कि तमाम कोशिशों के बावजूद राजनीति का सितारा बने हुए हैं। अब पाकिस्तान को 3 अरब डॉलर की कर्ज का ऐलान करने वाले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ के अधिकारियों ने इमरान खान से मुलाकात की है। जिसके लिए आईएमएफ के अधिकारी खास तौर से लाहौर पहुंचे थे। दरअसल, आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए घोषित अरबों के बेलआउट पैकेज के लिए वहां कि प्रमुख राजनीतिक दलों का समर्थन मांगा है। जिसमें इमरान खान की पीटीआई, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी शामिल है।



#### इमरान की तस्वीर को कर दिया गया ब्लर


आईएमएफ बैठक के लाइव प्रसारण के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की तस्वीर को धुंधला करने के लिए पाकिस्तानी मीडिया की जमकर आलोचना हुई है। शीर्ष समाचार चैनल एआरवाई को पाकिस्तान में पीटीआई समर्थकों से गंभीर प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। चैनल पर दिखाए गए फाइल फुटेज में पूर्व पीएम इमरान खान की तस्वीर को सेंसर और धुंधला कर दिया गया है। आईएमएफ प्रतिनिधि और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की फुटेज एकदम क्लियर थी।

#### चीन से 3.5 अरब डॉलर, सऊदी और यूएई से 3 अरब डॉलर मिलेंगे

नकदी संकट से गुजर रहे पाकिस्तान ने विदेशी कर्जों के भुगतान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) को एक वित्तपोषण योजना सौंपी है जिसमें आठ अरब डॉलर का इंतजाम कर लिए जाने की सूचना दी गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार ने आईएमएफ को छह अरब डॉलर के बजाय आठ अरब डॉलर के विदेशी कर्ज भुगतान का इंतजाम करने की जानकारी दी है। समाचारपत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून में शनिवार को सूत्रों के हवाले से प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, आईएमएफ को सौंपी गई वित्तपोषण योजना में चीन से 3.5 अरब डॉलर मिलने की बात कही है। इसके अलावा सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से क्रमशः दो अरब और एक अरब डॉलर पाकिस्तान को मिलेंगे।

# अब चांद की मिट्टी खोदने में जुटे रूस व चीन, स्पेस में तैनात करेंगे परमाणु हथियार

**मॉस्को (एजेंसी)।** पृथ्वी पर तो परमाणु हथियार तैनात कर ही दिए हैं, अब चांद की मिट्टी खोद कर रूस और चीन स्पेस में भी परमाणु हथियारों का जखीरा रखने की व्यवस्था करने में जुट गए हैं। लेकिन इसके अंजाम को विशेषज्ञ बेहद खतरनाक मान रहे हैं। खबरों के मुताबिक रूस और चीन पृथ्वी के बाद अब अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करना चाहते हैं और इसके लिए दोनों देश चंद्रमा के दोहन में एक दूसरी की मदद कर रहे हैं। इन देशों की ओर से किए जा रहे निवेश पर यूके स्पेस कमांड के प्रमुख, एयर वाइस मार्शल पॉल गॉडफ्रे ने स्पेस एक्सप्लोरेशन में ऐसी आशंका व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ये देश चुपचाप अरबों डॉलर का निवेश अंतरिक्ष की खोज में कर रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि इस निवेश का इस्तेमाल घातक शस्त्रागार बनाने और चांद का खनन करके महत्वपूर्ण खनिज निकालने में हो सकता है।



उन्होंने खुलासा किया कि हमारे जीवनकाल में ही एस्टेरॉयड का खनन एक वास्तविकता बन सकता है। उन्होंने आगाह किया कि चीन का लक्ष्य चांद के मिनरल का दोहन करना है। उन्होंने कहा कि साल 2020 में चीन ने चेंजसाइट-वाई नाम का एक नया फास्फेट खनिज खोजा था, जो न्यूक्लियर फ्यूल के रूप में इस्तेमाल हो सकता है। इस खोज के बाद चीन अब अंतरिक्ष में मिनरल की खोज और उन्हें निकालने में और भी तेजी लाएगा। उन्होंने रूस की सैटेलाइट जैमिंग क्षमता पर चिंता जताई। उनका कहना है कि रूस इसके जरिए संचार लिंक को तोड़ने और वैश्विक वित्तीय बाजारों पर कहर बरपाने में सक्षम है। अमेरिकी स्पेस कमांड के जनरल जेम्स डिकिंसन के साथ उन्होंने यह जानकारी दी।

हालांकि लंबे समय से माना जा रहा है कि अमेरिका चीन के मुकाबले स्पेस रेस में पीछे हो गया है। इसके जवाब में जेम्स डिकिंसन ने जोर देकर कहा कि पेंटागन अपनी स्पेस क्षमताओं को लेकर आश्वस्त है। जेम्स डिकिंसन ने चीन की जगह रूस को एक समस्या माना। उन्होंने कहा कि रूस के पास एंटी सैटेलाइट मिसाइल है जो 28,000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से घूम रहे किसी भी अंतरिक्ष यान को निशाना बना सकती है। चीन की प्रगति के बारे में बोलते हुए जनरल डिकिंसन ने उसके हाइपरसोनिक मिसाइल पर चिंता जताई।

## आज से भारत के दौरे पर लोकतंत्र-मानवाधिकार मामलों की प्रभारी राजनयिक, उठ सकते हैं ये बड़े मुद्दे

**वॉशिंगटन । (एजेंसी)।** लोकतंत्र और मानवाधिकार की प्रभारी वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक अभिव्यक्ति और संघ की स्वतंत्रता, महिलाओं एवं लड़कियों और कमजोर समूहों को शामिल करने पर नागरिक समाज संगठनों के साथ बातचीत के लिए 8 से 14 जुलाई तक भारत और बांग्लादेश का दौरा करेंगे। विदेश विभाग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत में वह अमेरिका-भारत की गहरी होती साझेदारी पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से भी मिलेंगी।

नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार के अवर सचिव और तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक उज़रा ज़ेया अभिव्यक्ति और संघ की स्वतंत्रता, और महिलाओं और लड़कियों को शामिल करने पर नागरिक समाज संगठनों के साथ बातचीत करने के लिए 8 से 14 जुलाई तक भारत और बांग्लादेश की यात्रा करेंगी। विकलांग व्यक्तियों और कमजोर समूहों, जिनमें हाशिए पर मौजूद धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यक शामिल हैं।



विज्ञप्ति में कहा गया है, ÷भारत में, वह वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात कर अमेरिका-भारत साझेदारी को गहरा करने और स्थायी करने पर चर्चा करेंगी, जिसमें वैश्विक चुनौतियों के साझा समाधान, लोकतंत्र, क्षेत्रीय स्थिरता और मानवीय राहत पर सहयोग को आगे बढ़ाना शामिल है।

# स्वास्थ्य विभाग का नया कारनामा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूकता जरुरी नहीं...क्या डिवाइस खरीदना जरुरी ?

## आयुष्मान कार्ड लंबे समय से सीएससी व जिला अस्पताल में बन रहा..फिर क्यों शासन के पैसे का दुरुपयोग करने निकला मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीदा का आदेश है ?

» जब आयुष्मान कार्ड बनना है सीएससी में तो फिर पीएससी को मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीदने का क्यों हुआ आदेश जारी

-रवि सिंह-

**कोरिया/बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** अजीबोगरीब देखने और सुनने को मिल रहा है जब सत्ता में कांग्रेस की सरकार आई थी तो उस समय आयुष्मान कार्ड को अमान्य करने की बात हो रही थी, अचानक अब आयुष्मान कार्ड को अधिक से अधिक बनाने का लक्ष्य दे दिया गया है, जबकि इस लक्ष्य को जागरूकता के साथ पूरा किया जा सकता है पर पटना के खंड चिकित्सा अधिकारी ने एक नया ही आदेश जारी कर दिया है और यह आदेश उन्होंने सारे सीएचसी व पीएचसी के लिए जारी किया है जहां मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीदा जाए, अब समझने की बात यह है कि जब समुदाय स्वास्थ्य केंद्र व जिले जिला अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है इसके बावजूद आयुष्मान कार्ड सभी का क्यों नहीं बन पाया? यह बड़ा सवाल है और अब क्या मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीदने से आयुष्मान कार्ड बन जाएगा? जबकि आयुष्मान कार्ड बनाने का अधिकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को नहीं दिया गया है फिर भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मंत्रा फिंगर डिवाइस क्यों खरीदने का आदेश जारी किया गया? शासन के पैसे का दुरुपयोग अनियमित रूप से दुरुपयोग कराया जा रहा है ब्लॉक बैकुंठपुर में 48 उप स्वास्थ्य केंद्र है मंत्रा फिंगर डिवाइस लगभग 4000 से 4500 रुपए राशि का है उप स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा इसका और कोई दूसरा काम नहीं है। फिर खरीदी की वजह क्या है यह समझ के परे है।



कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना, (बैकुण्ठपुर) जिला कोरिया (छ.ग.)
(Phone No. 07836-265200), E- mail -bpmupatna7@gmail.com

क्रमांक / स्था. / एनएचएम / 2023 / 978 — पटना,दिनांक 03/07/2023

प्रति,
समस्त प्रभारी उप स्वास्थ्य केन्द्र
विकासखण्ड बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया (छ.ग.)

विषय:– मंत्रा डिवास क्रय करने के संबंध मे।

—00—

विषयान्तर्गत लेख है कि विकासखण्ड बैकुण्ठपुर मे आयुष्मान भारत कार्ड अत्यन्त ही निराशाजनक है। उच्च कार्यालय के द्वारा नाराजगी जाहिर की जा रही है।

अतः इस संबंध मे समस्त उप स्वास्थ्य केन्दो मे पदस्थ आरएचओ मंत्रा डिवास क्रय कर अधिक से अधिक आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। एवं संस्था द्वारा मंत्रा डिवास क्रय लिया गया है तो इस कार्यालय को अवगत कराएगें।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना
जिला–कोरिया (छ0ग0)

पृ.क्र./स्था. /एनएचएम 2023/ [illegible] — /पटना/दिनांक 03/07/2023

प्रतिलिपि:–
1. श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
2. जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।
3. जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत जिला कोरिया छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कार्यालयीन नस्ती फाईल

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द पटना
जिला–कोरिया (छ0ग0)



### क्या है आयुष्मान भारत योजना

आयुष्मान भारत योजना या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है, जिसे 23 सितंबर, 2018 को पूरे भारत में लागू किया गया था। 2018 के बजट सत्र में वित्त मंत्री अरूण जेटली ने इस योजना की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र में जब आयुष्मान कार्ड बनना नहीं है तो फिर वहां के लिए मंत्रा फिंगर डिवाइस का क्या है काम ?

आयुष्मान कार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जिला चिकित्सालयों में बनना है, वहीं पटना के खंड चिकित्सा अधिकारी ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों को मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीदने का आदेश दिया है, अब सवाल यह उठता है की जब उप स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान कार्ड बनना ही नहीं है तो वहां डिवाइस खरीद कर सरकारी पैसे का दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है? क्योंकि उप स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ना तो सिस्टम लगे हो गए हैं और ना ही बनाने के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त किया गया है, ऐसे में वहां पर बन पाना संभव नहीं है इसके बावजूद खरीदी का आदेश देना समझ के परे है।

### छत्तीसगढ़ सरकार खुद स्वास्थ्य के लिए पैसा दे रही है तो फिर छत्तीसगढ़ में आयुष्मान कार्ड बनाने में इतना जोर क्यों ?

छत्तीसगढ़ की सरकार 20 लाख तक का निशुल्क इलाज मुहैया करा रही है जो अब तक का सबसे अधिक पैसा है जबकि आयुष्मान कार्ड में तो 5 लाख तक का ही इलाज होना है, इसके बावजूद छत्तीसगढ़ में भी आयुष्मान कार्ड पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है जबकि छत्तीसगढ़ सरकार 20 लाख तक के निशुल्क इलाज कराने का दावा कर रही है जिसका प्रचार-प्रसार भी जोरों शोरों से हो रहा है। अब ऐसे सवाल यह उठता है कि 20 लाख पर क्या 5 लाख भारी है?

### क्या मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीद कर सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा ?

कहीं मंत्रा फिंगर डिवाइस खरीदी के नाम पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा? क्योंकि अभी तक इसका उपयोग समझ में नहीं आ रहा सिर्फ खरीदी तक ही जिसका उपयोग है, ऐसा प्रतीत हो रहा है यदि इतने ज्यादा मात्रा में खरीदी होगी और उसका उपयोग नहीं होगा तो फिर सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही माना जाएगा, यदि उपयोग ही करना है तो सारे उप स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सिस्टम लगा दिया जाए और वहां एक कर्मचारी बैठा दिया जाए तब तो जाकर मंत्रा फिंगर डिवाइस का उपयोग हो पाएगा नहीं तो वह अनुपयोगी ही साबित होगा।

# भूपेश सरकार भ्रष्टाचार व घोटालों की सरकार:आरती सिंह





-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियों के मद्देनजर भाजपा में बैठकों और मंथन का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं केंद्रीय मंत्रियों का दौरा भी लगातार हो रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह गुरुवार को कोरिया पहुंचीं। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक ली। बैठक में जिले की महिला मोर्चा संगठन के पदाधिकारी व सद्स्य मौजूद रहे। उन्होंने आगमी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री ने चुनावी वर्ष को देखते हुए जिला महिला संगठन को रिचार्ज करने बुथ मजबूत करने के संबंध में टिप्स दिया। और आने वाले आगामी चुनाव में भाजपा को मजबूत करने, केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की। राष्ट्रीय महिला मोर्चा मंत्री आरती सिंह ने कहा कि वे खुद जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ गांव गांव जाकर लोगों से मिलेंगी। केन्द्र सरकार की योजनाओं का लोगों को कितना लाभ मिल इसकी भी जानकारी लेंगी। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा मंत्री आरती सिंह ने कांग्रेस की भूपेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाने वाली सरकार जनता के वादे पर खरा नहीं उतरी। कांग्रेस का घोषणा पत्र महज आश्वासन बन कर रह गया है। भूपेश सरकार में जमकर भ्रष्टाचार व अवैध उगाही चल रही है। उन्होंने भूपेश सरकार पर शराब, कोयला, रेत सहित अन्य घोटालों के आरोप लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े, प्रवीण सिंह, मंजू जीवननी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन महाआंदोलन की राह पर

## छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ आम नागरिकों को होने वाली स्वास्थ्य असुविधा के लिए खेद प्रकट किया



-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़ 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी नियमित, संविदा, डीएमएफ और जीवनदीप समिति में कार्यरत कर्मचारी 4 जुलाई 2023 से अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले गए है। स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने से सभी जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेल नेस सेंटरों में स्वास्थ्य सेवायें पूरी तरह से ठप्प रहेगी। इस दौरान मरीजों को स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने के कारण जनहानि भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला अध्यक्ष अरुण ताम्रकार ने प्रमुख मांगो के संबंध में बताया की नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर केंद्रीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के समान वेतन, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, 62 वर्ष की सेवा गारंटी, डीएमएफ और जीवनदीप में कार्यरत कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन भुगतान करने की मांग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस विभाग की तरह वर्ष में 13 माह का वेतन,चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान, एकल पदों हेतु पदोन्नति नियम जोखिम भत्ता रेडिएशन भत्ता स्टाफ नर्स को 3/4 अग्रिम वेतन वृद्धि देने, पदनाम परिवर्तन, तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को उनके गृह जिले में 1500 फिट भूखण्ड उपलब्ध करा उक्त राशि वेतन से समायोजन करने, आयुष विभाग के अंशकालिक स्वछ्कों को नियमित, भ्रष्टाचारी अधिकारियों का निलंबन, कोविड व आयुष्मान प्रोत्साहन राशि मे भ्र्ष्टाचार की जांच और अन्य 24 सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ के 70,000 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी काम बंद आंदोलन में रहेंगे। इससे आम जीवन को होने वाली जनहानि एवं अन्य स्वास्थ्य कठिनाइयों के लिए शासन-प्रशासन को लगातार ज्ञापन, प्रत्यक्ष चर्चा, एक दिवसीय, दो दिवसीय, तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा लगातार ध्यानाकर्षण कराए जाने के बावजूद भी शासन-प्रशासन द्वारा मांगो को अनसुनी किए जाने के कारण विवश होकर अनिश्चितकालीन आंदोलन का निर्णय लेना पड़ा है।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ आम नागरिकों को होने वाली स्वास्थ्य असुविधा के लिए खेद प्रकट किया

प्रान्तीय महामंत्री आर डी दीवान ने कहा कि यह आंदोलन संघ के संरक्षक ओ पी शर्मा और प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा के नेतृत्व में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ आम नागरिकों को होने वाली स्वास्थ्य असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है। यह हमारी मजबूरी है। हम स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन नहीं चाहते थे। अभी हमने वैश्विक महामारी कोविड 19 में आम लोगों को अपनी और परिवार की परवाह किये बगैर दिन-रात सेवाएं देकर राहत दिलाया। इसमें हमारे स्वास्थ्य कर्मचारी स्वयं भी संक्रमित हुए और कुछ शहीद भी हुए। अधिकांश कर्मचारी अपने परिवारों से, अपने बीवी बच्चों से दूर रहकर वैश्विक महामारी कोविड-19 में विजय पाया है। शासन-प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के योगदान के लिए बड़े-बड़े वायदे किये गये थे किंतु पुरा नहीं किया गया और न ही 2018 विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र के वादे को पूर्ण किया गया। हमारी समस्याओं को शासन द्वारा लगातार अनसुना किया जा रहा है। शासन-प्रशासन को 4 जुलाई 2023 के पहले स्वास्थ्य कर्मचारियों की 24 सूत्री मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव और छत्तीसगढ़ शासन के सभी जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों से विनम्र आग्रह करते है की स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने से स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में होने वाले जनहानि की क्षति पूर्ति नहीं किया जा सकता। हमारी मांगो को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की 24 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की पहल करें। मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा की आश्वासन से अब स्वास्थ्य कर्मचारी नहीं मानने वाले हैं। सभी मांगे पूर्ण होने तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।



# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य से समानता क्रांति के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी का आगमन कोरिया जिले हुआ था जहां पर उन्होंने महिलाओं से जुड़ी समस्याओं व उनकी प्रताड़ना को लेकर निरीक्षण किया, इस दौरान उनसे समाज सेवी संस्था समानता क्रांति के सदस्य शिवसागर तिवारी, सुनील कुमार सिंह, अमिताभ गुप्ता ने मुलाकात की और उनसे अपने क्षेत्र की महिलाओं के लिए कुछ उचित मांग रखा। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय आयोग किस सदस्य ममता दीदी से मुलाकात की और जेल के विषय में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की।

समाज सेवी संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि महिला जेल के द्वार को पुरुष द्वार से अलग करने हेतु निवेदन दिया गया और कहा की दोनो के अंदर और बाहर जाने के द्वार एक होने के कारण महिला और पुरुष का जंक्शन बनता रहता है। जहा पर बंदियों के विजिटर्स मिलने आते है वहा दो खिड़किया है। लेकिन एक ही कमरा है। जो की महिलों के लिए सही नहीं है। और बाहर जो विजिटर्स जो की दोनो लिंग के बंदियों से मुलाकात करने आते है वो अलग अलग पार्टीशन में नही है। उसे अलग-अलग किया जाए। क्योंकि यह संभावना सदैव बनी रहती है की पुरुष बंदी शायद कभी अपने विजिटर्स से आपत्तिजनक बात करे और महिला बंदी की मनोदशा में बुरा प्रभाव पैदा होता है। बंदियों से मिलने जो विजिटर्स आते है उनमें महिलाए भी होती है, जिनको घंटो इंतजार जेल के बाहर खुले में करना पड़ता है। चूंकि जेल के चारो ओर सीसी टीवी कैमरा लगा है और आस पास कोई भी वाशरूम नही है। ऐसे में महिलाओं को बाहर इंतजार करना एक सजा के समान हो जाता है। और खुले में यूरीनल के लिए जाना महिलाओं के लिए एक कठिन चुनौती हो जाती है। इसलिए जेल परिसर में एक प्रतीक्षालय वा वाशरूम बनाने की मांग की गई है। सेनेटरी पैड की पर्याप्त मात्रा सदैव जेल में रहे इसकी मॉनिटरिंग होते रहे। और जो भी महिलाएं जब बंदी बनाई जाती है तब उनकी कांच और मेटल की चूड़ियां उतरवा दी जाती है। तो जेल नियमानुसार उनका हाथ खाली न रखा जाए। उन्हे प्रावधान के अनुसार प्लास्टिक की चूड़ियां जेल प्रशासन अवश्य उपलब्ध करवाए। उक्त सभी बिंदुओं पर उनसे काफी गहराई से चर्चा हुई और उन्होंने तत्काल निर्णय लेकर शुरुवाती तीन बिंदुओं पर अमल कल ही जेल प्रशासन से करवाया।

# करोड़ों की लागत से बनी सड़क गड्ढे में तब्दील...आवागमन में हो रही दिक्कत...नेता प्रतिपक्ष ने नपा को लिखा पत्र

» बैकुंठपुर के फव्वारा चौक से सीएमएचओ कार्यालय तक 2 साल पहले बनी सड़क गढ्डे में तब्दील

» सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर नहीं दिया गया ध्यान,पहले साल से ही सड़कों में आने लगे थे गढ्डे

» नए बस स्टैंड में एक बड़ा गढ्डा बना हुआ है लोगों के लिए दुर्घटना का घर

» पुराना बस स्टैंड में नगर पालिका का बना दुकान पापुलर होटल के लिए बना जी का जंजाल घुस रहा पानी



-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** सिर्फ निर्माण कराना है जिम्मेदारी नहीं है निर्माण की गुणवत्ता के साथ निर्माण कराना बड़ी जिम्मेदारी होनी चाहिए पर ऐसा देखने को इस सरकार में नहीं मिल रहा, नगर पालिका बैकुंठपुर के फव्वारा चौक से लेकर सीएमएचओ कार्यालय बैकुंठपुर तक करोड़ों की लागत से 2021 में सड़क बनी थी जो बनने के बाद से ही गड्ढों में तब्दील होने लगी फव्वारा चौक से लेकर सीएमएचओ कार्यालय तक सड़क में दर्जनों गड्ढे हो चुके हैं अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब सड़क गुणवत्ता के साथ बनी थी तो फिर सड़क पहले साल से ही उखड़ने क्यों लगी? और दिन प्रतिदिन सड़क की हालत खराब होती जा रही है। करोड़ो रुपए खर्च कर एक चमचमाती सड़क बनने तक ही देखी गई अब इस सड़क पर सिर्फ गड्ढे दिख रहे हैं, लोगों का आवागमन में दिक्कत आ रही है पर किस और जिम्मेदार विभाग व अधिकारियों का ध्यान नहीं है जिसे लेकर नगर पालिका सीएमओ को नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने पत्र लिखकर सड़क को मरम्मत करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष अर्पणा प्रभाकर सिंह ने बताया कि बरसात शुरू होते ही कई जगह सड़कों पर पानी जमा होने के चलते सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें राहगीरों को कई बार गंभीर चोट लगने की संभावना बनी हुई है, इसे देखते हुए मैंने नगर पालिका अधिकारी से निवेदन करते हुए पत्र लिखा है कि जनपद के पास बहुत ज्यादा पानी का जमाव रहने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े कई गड्ढे हो गए हैं शहर का गौरव पथ यह है इस सड़क मार्ग के अगल-बगल पर कई महत्वपूर्ण विभाग स्थापित है, इस मार्ग पर हमेशा भीड़ भाड़ बना रहता है इस समस्या का स्थाई निराकरण करने की आवश्यकता है। बैकुंठपुर शहर न्यू बस स्टैंड गेट क्रमांक एक पर भी बड़े गड्ढे हैं जिस पर छोटी दोपहिया चालक कई बार गिरकर घायल हो चुके हैं गड्ढे का मरम्मत करवाने की जरूरत है। पुराना बस स्टैंड नगर पालिका कंपलेक्स दुकान के सामने पानी का भराव रहता है, स्थानीय दुकानदारों को कई प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बरसात के पानी का निकासी की अत्यंतआवश्यकता है वार्ड नंबर 16 में बरसात के दिनों में खुली हुई नालियां में कई प्रकार के विषैले जीव जंतु निकलकर घरों में प्रवेश करने की संभावना भय का वातावरण बना रहता है नालियों में ढक्कन लगाकर सुरक्षित करने की उपरोक्त मांगों को लेकर नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर कोरिया का ध्यान आकर्षण कराते हुए कार्यों को पूर्ण कराने का आग्रह किया है।

# निकायो में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों में विभाग द्वारा शासन को जानकारी नहीं भेजे जाने से काफी असंतोष और आक्रोश उपजा

-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़ 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** नगर पंचायत नई लेदरी में कार्यरत संतोष दीवान, जिलाध्यक्ष एमसीबी नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ से वार्तालाप करने पर उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पूरे 172 नगरीय निकायो में कुल 25000 प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत है। जिनकी गिनती विभाग द्वारा नही किया जा रहा है,। विभाग द्वारा इन कर्मचारियों को अपना मानने से साफ इंकार किया जा रहा है। जबकि इन्ही कर्मचारियों द्वारा जीवन की मूलभूत सेवा तथा सुविधा से जुड़े कार्यों साफ सफाई, पानी, बिजली, राशनकार्ड जन्म मृत्यु यहां तक कि महामारी के दौरान यही कर्मचारी 24×7 अपने दायित्व पर तैनात रहते है। कोरोना महामारी के दौरान पूरे नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी ही अपने जान को जोखिम में डाल कर फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कार्य किए इसके बावजूद भी इन कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही है। पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के जनघोषणा वचन पत्र में अनियमित कर्मचारियों को नियमित किए जाने की घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि विभाग द्वारा इन कर्मचारियों को ठेका प्रथा (प्लेसमेंट) के माध्यम से कार्य लिया जा रहा है जबकि यही कर्मचारी पूर्व में मस्टर रोल, दैनिक वेतन भोगी थे किंतु तत्कालीन शासन द्वारा इन्हें परिवर्तित कर ठेका कर्मी (प्लेसमेंट) बनाया गया जिससे शासन को बहुत ज्यादा आर्थिक भार पड़ रहा है। ठेका प्रथा बंद होने से शासन को करोड़ों रुपए का सीधे लाभ होगा।

यदि नगरीय निकायो में कार्यरत ये कर्मचारी विभाग के नही है मतलब विभाग में कर्मचारियों की संख्या निरंक है-किंतु विभाग द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों की जानकारी नहीं दिए जाने से ये कर्मचारी नियमितीकरण की प्रक्रिया से वंचित हो रहे है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की है। जबकि संपूर्ण राज्य के नगरीय निकायो में प्लेसमेंट के माध्यम से ही कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में संविदा, दैनिक वेतन भोगी एवं मस्टर रोल पर कोई भी कर्मचारी नही है। *अब सवाल यह उठता है कि यदि नगरीय निकायो में कार्यरत ये कर्मचारी विभाग के नही है मतलब विभाग में कर्मचारियों की संख्या निरंक है तो विगत साढ़े चार वर्षो से विभाग के मूलभूत सेवाओं का कार्य साफ सफाई, पानी, बिजली, वसूली एवं शासन के द्वारा घोषणा किए गए योजनाओं, दायित्वों एवं अन्य आवश्यक कार्यों का संपादन कौन कर रहा है, कार्य कैसे हो रहा है।

### जो नियमित नही है वो अनियमित है

इसी संबंध में गत सोमवार को अंबिकापुर संभाग अध्यक्ष सौरभ यादव द्वारा पदाधिकारियों की बैठक लेकर नियमितीकरण सहित आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा किया गया। संतोष दीवान ने बताया कि जो नियमित नही है वो अनियमित है इन कर्मचारियों की जानकारी से शासन को अवगत कराने हेतु महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे द्वारा मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा संचालक नगरीय प्रशासन विकाश विभाग को पत्र लिखा तथा इन कर्मचारियों को नियमितीकरण की प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की।

# जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनने की वजह से लगभग 15 बच्चों का नाम स्कूल से कर दिया गया खारिज

**सूरजपुर के ओड़गी ब्लॉक के एकलव्य आवासीय विद्यालय में स्कूल और जिला प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं यहां के बच्चे**

» छात्रों के परिजन कई साल से जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए सरकारी दफ्तरों के काट रहे हैं चक्कर

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर, 08 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। राष्ट्पति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पण्डो जनजाति के बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि उन्हें मुफ्त और अच्छी शिक्षा मिल सके, लेकिन सूरजपुर के ओडगी इलाके का एकलव्य आवासीय विद्यालय में स्कूल और जिला प्रशासन के लापरवाही का खामियाजा यहां के बच्चे भुगतने को मजबूर हैं, यहां के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र ना बनने की वजह से लगभग 15 बच्चों का नाम स्कूल से खारिज कर दिया गया है, परिजनों के अनुसार हुए पिछले कई साल से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं तो वही स्कूल प्रबंधन नियमों का हवाला दे रहा है,,




सूरजपुर के ओडगी इलाके के एक छोटे गांव में रहने वाला अखिलेश पण्डो, यह एकलव्य आवासीय विद्यालय में पिछले 3 सालों से पढ़ाई कर रहा था, लेकिन इस साल उसे यह कहकर स्कूल से घर भेज दिया गया कि तुम्हारा जाति प्रमाण पत्र नहीं होने की वजह से स्कूल से तुम्हारा नाम खारिज कर दिया गया है, यह स्थिति सिर्फ अखिलेश की ही नहीं है बल्कि ऐसे लगभग 15 बच्चे है,, जिनका जाति प्रमाण पत्र ना होने की वजह से स्कूल से नाम काट दिया गया है, इन बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है, आर्थिक तंगी की वजह से यह प्राइवेट स्कूलों में दाखिला नहीं ले सकते हैं और सरकारी स्कूलों में दाखिला बंद हो चुका है,, ऐसे में यह बच्चे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं,, वहीं इनके परिजनों के अनुसार उनके पास जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सभी डाक्यूमेंट्स मौजूद हैं, बावजूद इसके वह पिछले कई सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं, अधिकारियों से फरियाद कर रहे हैं, लेकिन इनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, ऐसे में उन्हें भी अपने बच्चों की भविष्य की चिंता सता रही है,,

**रूपचंद्र पंडो का क्या है कहना**

वही स्कूल प्रबंधन नियमों का हवाला दे रहे हैं, उनके अनुसार एडमिशन के समय बच्चों के परिजनों के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही बच्चों का जाति प्रमाण पत्र जमा कर दिया जाएगा, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी अभी तक उनके द्वारा जाति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है, लेकिन अब केंद्र सरकार के गाइडलाइन के बाद जिन बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं है उन्हें विद्यालय में दाखिला नहीं दिया जा सकता है, जिसकी वजह से कई बच्चों के नाम स्कूल से काट दिए गए हैं, वही इस बात को लेकर स्थानीय लोग भी आक्रोशित हैं और बच्चों का एडमिशन ना होने की स्थिति में सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं,,

> राज्य सरकार द्वारा आदिवासी जनजाति के जाति प्रमाण पत्र के लिए नियमों को लचीला किया गया है, बावजूद इसके संबंधित अधिकारी और कर्मचारी गरीब आदिवासियों को दफ्तर का चक्कर लगवा रहे हैं,, ऐसे में इन लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों की वजह से मासूम बच्चों का भविष्य अंधकार में होता नजर आ रहा है।
>
> **रामविलास तिर्की,,**
> **प्रभारी प्राचार्य**
> **एकलव्य आवासीय विद्यालय**
> **ओडगी,**

# रिहायशी इलाके में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा,पुलिस ने की कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा,08 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। कोरबा जिले के हृदय स्थल घंटाघर से लगे हुए एमपी नगर कॉलोनी के 03 मंजिल (एल आई जी) मकान में पुलिस ने छापा मार कार्यवाही की । पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के अचानक कॉलोनी में पहुंचने पर लोगों में उत्सुकता बढ़ गई कि क्या होने वाला है । एक तीन मंजिला मकान में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी घुसे और आधा दर्जन से अधिक लड़कियों और लड़कों को संदिग्ध हालत में हिरासत में ले लिया है । सीएसपी कोरबा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी हिरासत में ली गई लड़कियों और अन्य लोगों से पूछताछ कर रहे हैं द्ध इस मकान की गृह स्वामिनी का नाम मोना बताया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान सीएसपी कोरबा मौके पर मौजूद थे। सीएसपी कोरबा के नेतृत्व में यह पूरी कार्रवाई की गई है। हालांकि पुलिस ने इस मामले पर अभी तक कोई अधिकृत खुलासा नहीं किया है।



# राजनीतिक दल के प्रचार-प्रसार एवं लोक सेवा केन्द्र चलाने पर दो शिक्षक निलंबित




-संवाददाता-
कोरबा 08 जुलाई 2023

**(घटती-घटना)**। शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के बाद भी कई स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित नज़र आ रहे हैं या फिर समय पर नहीं आ रहे । ऐसे लोगों पर जिला प्रशासन सख्त होते हुए कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिले के पोड़ी- उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घुमानीडांड के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक जगतपाल कोर्चे द्वारा स्कूल में बच्चों को स्कूल में पढ़ाना छोड़ आम आदमी पार्टी का प्रचार- प्रसार किया जा रहा था जिसपर काफी चर्चाएं भी हुई द्ध ब्लॉक शिक्षाधिकारी द्वारा जांच की गई जिसमें जगतपाल कोर्चे को दोषी पाए जाने पर जिला शिक्षाधिकारी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जगतपाल कोर्चे को निलंबित कर दिया वहीं एक दूसरे मामले में सहायक शिक्षक कंस राम पैकरा (एल बी) प्राथमिक शाला काल्डमार ग्राम कोरकोमा के द्वारा स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बजाए लोक सेवा केन्द्र चला रहा था को जांच में सही पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है द्ध सहायक शिक्षक जगतपाल कोर्चे एवं कंस राम पैकरा को निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता शासन द्वारा दिया जाएगा।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने मृतक भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों से की मुलाकात

» भाजपा संगठन की ओर से 05-05 लाख रु के सहायता राशि का दिया चेक

-संवाददाता-
सुरजपुर 08 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। पीएम मोदी की सभा मे शामिल होने रायपुर जा रहे दो भाजपा कार्यकर्ताओं का कल बस हादसे में दुखद निधन हो गया था। बस हादसे मे जान गवाने वाले मृतक के परिजनों से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, केन्द्रीय राज्यमंत्री व सरगुजा सांसद रेणुका सिंह व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने उनके गृहग्राम जमदेई जाकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट कर ढाढस बधाया तथा भारतीय जनता पार्टी की ओर से 05लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया । बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजधानी रायपुर मे विजय संकल्प महारैली मे शामिल होने जिले भर से हजारों भाजपा कार्यकर्ता बसों से रायपुर गए हुए थे। रायपुर जाने के दौरान विश्रामपुर से भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर रायपुर जा रही रायल बस रतनपुर बेलतरा के पास हादसे का शिकार हो गई थी। सड़क हादसे में जमदेई निवासी सजन सिदार उम्र 27वर्ष व रूपदेव सिंह उम्र 45 वर्ष का निधन हो गया था। हादसे मे जान गंवाने वाले कार्यकर्ता के परिजनों से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण





साव व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मुलाकात कर ढाढस बंधाया तथा मृतक सजन सिदार के पिता सोहन राम को 05लाख रु एवं मृतक रुपदेव सिंह के तीनों पुत्र पुत्रियों रवि सिंह, रीता सिंह प्रीति सिंह के नाम संयुक्त रुप से राशि रू 5लाख सहायता राशि चेक दिया।इस दौरान पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा,भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, चरण सिंह अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल,रामकृपाल साहू ,संजय अग्रवाल,विवेक दुबे ,मुकेश तिवारी,लाल संतोष सिंह,राजेश अग्रवाल, मुरली सोनी, भूलन सिंह पुष्पा सिंह अनूप सिन्हा शशि तिवारी, थलेश्वर साहू, ललित गोयल, रितेश गुप्ता ,रामकरण साहू रामानंद जायसवाल, संत सिंह,दीपक गुप्ता कपिल पाण्डेय, कौशल सिंह, लक्ष्मी राजवाडे श्यामा पाण्डेय शशि कान्त गर्ग, राजकिशोर चौधरी संदीप अग्रवाल दीपेंद्र सिंह चौहान सुनील साहू, प्रकाश दुबे शिव पांडे ,जयप्रकाश उपाध्याय,अजय अग्रवाल रविंद्र भारती देवधन बीझिया, दुर्गा गुप्ता ,सतीश तिवारी ,मनी बग्गा, दुर्गा शंकर जायसवाल, अमीर चंद गुप्ता, अनीष सिंह मौजूद रहे।

**मृतक सजन सिदार था मां का लाडला**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने मृतक सजन सिदार के मां से मुलाकात कर ढाढस बधाया तथा सात्वना देते हुए कहा कि हम सभी लोग घटना से मर्माहत हैं हमने परिवार का एक अहम सदस्य खोया है। मां ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बताया कि मेरा बड़ा बेटा घर मे दुलारा था उसके हर समय आने वाली याद मुझे असह्य पीड़ादायक है।जिससे वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए।

**भाजपा घायल कार्यकर्ताओ का रही ईलाज**

हादसे में घायल भाजपा कार्यकर्ताओं के ईलाज का खर्च भाजपा ने अपने कोष से करने का निर्णय लिया है। सडक़ हादसे मे गंभीर रूप से घायल मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता का ईलाज अपोलो बिलासपुर मे चल रहा है तो वहीं गंभीर रुप से घायल मंडल महामंत्री विशंभर यादव कोबेहतर ईलाज के लिए एयरलिफ्ट कर एम्स दिल्ली ले जाया गया।

**घटना के बाद भाजपा संगठन ने मदद मे दिखाई सक्रियता**

हादसे के बाद भाजपा संगठन ने पूरी सक्रियता के साथ मदद के लिए हर संभव प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने रायपुर सभा मे मृतक कार्यकर्ता के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के ईलाज मे हर संभव मदद का भरोसा दिलाया था।पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने घटनास्थल पहुंच कर घायलों के ईलाज की तत्काल समुचित व्यवस्था की तथा मृतक कार्यकर्ताओं के अत्येष्टि मे शामिल होकर परिवार जनो को संवेदना प्रकट किया।

**-::कार्यालय पुलिस अधीक्षक,जिला-सरगुजा(छ.ग.)::-**
**निविदा आमंत्रण हेतु सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक/पुअ/सर/एसी-1/निविदा/702/2023, दिनांक 05/07/2023

छत्तीसगढ़ शासन के राज्यपाल की ओर से छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 में उल्लेखित शर्तों के आधार पर रक्षित केन्द्र अम्बिकापुर, परिसर में भारी वाहन,छोटे चार पहिया वाहन एवं दो पहिया पार्किंग के लिए शेड निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत डाक(ए.डी.)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार है:-
01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि-21.07.2023(सायं 05:00 बजे तक)
02. निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि-02.08.2023(अपरान्ह 03.00बजे तक)
03. निविदा खुलने की तिथि-02.08.2023(सायं 04.00 बजे)
04.निविदा प्रपत्र का मूल्य -750/-रूपए
05. सक्षम ठेकेदार-''ई'' ग्रेड या ऊपर के
06.कार्य पूर्ण करने का समय-05 माह(वर्षा ऋतु सहित)

| क्रं. | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि रूपए | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | रक्षित केन्द्र अम्बिकापुर,परिसर में भारी वाहन,छोटे चार पहिया वाहन एवं दो पहिया पार्किंग के लिए शेड निर्माण कार्य | 12,00,000 रूपए | 9,000 रूपए |

नियम एवं शर्तें:-
01.निविदा से संबधित आवश्यक नियम व शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारियां कार्यालयीन अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
02.आवेदन पत्र के साथ राशि -750/-रूपए(रू.सात सौ पचास रूपए) चालन लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 102 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूल प्रति पुलिस अधीक्षक कार्यालय अम्बिकापुर में प्रस्तुत कर एवं निविदा प्रपत्र के साथ लगने वाले सभी आवश्यक दस्तावेजों की सत्यपित प्रति जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है,जो किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा।
03.निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी।
04. पुलिस अधीक्षक जिला सरगुजा को अंतिम अधिकार होगा कि वे बिना कारण बताए निविदा निरस्त कर सकते हैं एवं निविदा की तिथि में संशोधन कर सकते हैं या पुनःनिविदा आमंत्रित कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक
सरगुजा

जी.नं.-03061/2

**भारतीय स्टेट बैंक ,शाखा बतौली एवं प्रेमनगर**

**ट्रेक्टर नीलामी सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक बतौली एवं भारतीय स्टेट बैंक प्रेमनगर द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002/ आरडीडीबीएफआई अधिनियम 1993 के प्रावधानों के तहत श्री मोती राम, ट्रैक्टर ऋण खाता 37319093913 एवं श्री गोपाल दास, ट्रैक्टर ऋण खाता 37470774214 की संपत्ति की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य की मंजूरी की गई है:

| क्र. | ऋणी/खातेदार का नाम | निवासी | ट्रैक्टर (मेक) | रजि.न. | वर्ष | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोती राम सीएन 1 | ग्राम-पोकसारी,ब्लॉक-बतौली जिला सरगुजा,छ.ग. | एस्कॉर्ट पावर ट्रैक 439 | CG15DG1670 | 3.2.2018 | 2.07 Lakh |
| | | | ट्रॉली | CG15DG1613 | - | |
| 2 | श्री गोपाल दास | ग्राम-कंचनपुर, ब्लॉक-प्रेमनगर,जिला-सूरजपुर | इंडो फार्म/ 3040 डीआई /2017 | CG15DG4750 | 25.2.2018 | 1.5 Lakh |

नीलामी दिनांक : 20/07/2023. दिन गुरूवार समय दोपहर 12 बजे
नीलामी स्थल= शाखा बतौली,सरगुजा,छ0ग0 एवं शाखा प्रेमनगर,सूरजपुर,छ0ग0
नीलामी की शर्ते :- उक्त ट्रैक्टर की नीलामी से पूर्व बोलीकर्ता रूपए 10,000/- की धरोहर राशि का बैंकर्स चेक/डी0डी0 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बतौली एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रेमनगर में दिनांक 20/07/2023 गुरूवार की शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। 2. नीलामी होने पर बोलीकर्ता को उसी दिन कार्यालय में 25 प्रतिशत तथा 7 दिवस में पूरी राशि जमा कराना होगा। 3. 7 दिवस में बोलीकर्ता द्वारा चुकता राशि जमा नहीं की जाती है तो सुरक्षा निधि स्वयं जप्त हो जाएगी। 4. नीलामी पक्ष में न होने पर जमाकर्ता की सुरक्षा राशि उसी दिन वापस कर दी जाएगी। 5. अधिकतम बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है। 6. ट्रैक्टर नीलामी के पश्चात पंजीयन ट्रांसफर का कार्य क्रेता को स्वयं के व्यय पर कराना होगा 7. ट्रैक्टर नीलामी जहां है जैसे है, के आधार पर की जा रही है। 8.उक्त ट्रैक्टर देखने के लिये संबंधीत शाखा से संपर्क कर देख सकते हैं। 9. ट्रैक्टर की नीलामी को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

स्थान :- बतौली,सरगुजा एवं प्रेमनगर,सूरजपुर

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मनेन्द्रगढ़**
**जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-3041/ NIT-3 /2023-2024/ व.ले.लि. दिनांक : 05-07-2023
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम : 13/7/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 21/7/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 24/7/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 |
| 3 T0028 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों का मरम्मत एवं रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0029 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का मरम्मत एवं रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0030 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत आवासीय भवनों का मरम्मत एवं रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0031 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का मरम्मत एवं रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0032 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत आवासीय – गैर आवासीय भवनों का मरम्मत एवं रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0033 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0034 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0035 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0036 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत प्रमुख मार्गो मे डब्ल्यू.बी.एम पैच रिपेयर कार्य। | 10.00 7500.00 150000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0037 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत प्रमुख मार्गो मे डब्ल्यू.बी.एम पैच रिपेयर कार्य। | 10.00 7500.00 150000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0038 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत पुल–पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य। | 18.00 13500.00 270000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0039 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत पुल–पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य। | 18.00 13500.00 270000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0040 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत पुल–पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य। | 15.00 11250.00 225000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0041 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य। | 15.00 11250.00 225000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0042 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य। | 15.00 11250.00 225000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0043 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य। | 10.00 7500.00 150000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0044 | जिला अस्पताल बैकुण्ठुपर में सी.टी. स्केन कक्ष का मरम्मत कार्य। | 3.89 3000.00 58400.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0045 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत केन्दई–बरदर– बैकुण्ठपुर– सोनहत–रामगढ़– म.प्र. सीमा तक लं. 115.80 किमी (66 से 82 = 17.00 किमी, बैकुठपुर बडगांव पतरापाली बचरापोडी रतनपुर मार्ग लं. 35.80 एवं ग्रामीण अन्य मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0046 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत पटना–भैयाथान मार्ग लं. 8.00 किमी, भांडी कुडेली पटना मार्ग लंत्र 22.60 किमी एवं ग्रामीण अन्य मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0047 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत केन्दई–बरदर– बैकुण्ठपुर– सोनहत–रामगढ़– म.प्र. सीमा तक लं. 115.80 किमी (83 से 116 = 35.00 किमी, बिहारपुर बदरा सानेहत मार्ग लं. 18.60 एवं ग्रामीण अन्य मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0048 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत केन्दई–बरदर– बैकुण्ठपुर– सोनहत–रामगढ़– म.प्र. सीमा तक लं. 115.80 किमी (117 से 148/10 = 32.40 किमी, रामगढ से अमृतपुर मार्ग ल 13.00 एवं ग्रामीण अन्य मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0049 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़–केल्हारी–जनकपुर से म.प्र. सीमा मार्ग लं. 127.00 किमी के किमी 01 से 20 = 20.00 किमी, बिहारपुर बदरा सोनहत मार्ग लं. 20.00 किमी एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0050 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़–केल्हारी–जनकपुर से म.प्र. सीमा मार्ग लं. 127.00 किमी के किमी 21 से 40 = 20.00 किमी, एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0051 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत नागपुर चिरमरी मार्ग लं. 9.00 किमी, कोरबा चिरमिरी मार्ग लं. 5.20 किमी, चैनपुर साजापहाड मार्ग लं. 17.00 किमी एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0052 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत केन्दई–बरदर– बैकुण्ठपुर– सोनहत–रामगढ़– म.प्र. सीमा तक लं. 115.80 किमी (32/8 से 66 = 34.40 किमी, बैकुठपुर बडगांव पतरापाली बचरापोडी रतनपुर मार्ग लं.12.00 एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0053 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़–केल्हारी–जनकपुर से म.प्र. सीमा मार्ग लं. 127.00 किमी के किमी 41 से 74 = 35.00 किमी, एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0054 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़–केल्हारी–जनकपुर से म.प्र. सीमा मार्ग लं. 127.00 किमी के किमी 75 से 127 = 52 किमी, एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0055 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत कोटाडोल से जनकपुर मार्ग लं. 30.00 किमी एवं गामीण मार्ग में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। | 20.00 15000.00 300000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 T0056 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत प्रमुख मार्गो मे डब्ल्यू.बी.एम पैच रिपेयर कार्य। | 10.00 7500.00 150000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |

निविदा संबंधी सर्ते विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र मूल्य 750/- इनका अवलोकन संबंधित संभा कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग(भ/स)संभाग मनेन्द्रगढ
जिला-एमसीबी,छत्तीसगढ़

जी.नं.-03091/2

CMYK

# केवल 10 वर्ष की उम्र में ऋषिका ने जीते 19 पदक



**नई दिल्ली,08 जुलाई 2023।** प्रतिभाएं उम्र की मोहताज नहीं होती.. खासकर खेल के मामले में तो यह पंक्ति अक्सर सही साबित होती है। भारत युवाओं का देश है और यहां यूथ टैलेंट की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो बस उसे सही दिशा देने की।

उम्र से परे हुनर के उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक उदाहरण उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में भी प्रत्यक्ष उदीयमान है। हम यहां बात कर रहे हैं ऋषिका रयान की जिसके पास दस साल की छोटी उम्र में ही कराटे के खेल में प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर तक के कुल 19 पदक हैं।

तीन वर्ष की उम्र से कराटे के खेल में खुद को पारंगत करने की जिजीविषा के साथ मानसिक और शारीरिक तौर पर खुद को तैयार करने वाली ऋषिका का कहना है कि वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए लिए एक जबरदस्त सम्मान है।

ऋषिका ने कहा, कुमिते और काता दोनों में स्वर्ण पदक जीतना एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां अलका के. और पिता डॉ अभिषेक के. के अटूट समर्थन, मेरे कोच अरविंद यादव के मार्गदर्शन और अपने साथी देशवासियों को देती हूं। यह जीत भारत के भीतर मौजूद प्रतिभा और क्षमता का प्रमाण है।

ऋषिका ने आगे कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आभारी हूं कि उन्होंने वाराणसी को एक जीवंत और सुरक्षित शहर में बदलने के प्रयासों के बीच प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा दिया है। ऋषिका की असाधारण उपलब्धि, उनकी जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि पूरे देश में महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा की किरण के रूप में भी कार्य करती है। उनका असाधारण प्रदर्शन प्रतिभा को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर कराटे के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

2023 कराटे चैम्पियनशिप में ऋषिका की ऐतिहासिक जीत ने खेल इतिहास के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया है। कुमिते और काता दोनों में उनकी असाधारण उपलब्धियां उनके अटूट समर्पण, कोच अरविंद यादव के मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण के वर्षों और उत्कृष्टता की अथक खोज को दर्शाती है और उनके भविष्य के प्रयासों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है क्योंकि वह कराटे के खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

17 नवम्बर 2013 को जन्मी ऋषिका ने महज़ 3 वर्ष की उम्र से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त करना शरू कर दिया था। ऋषिका के पिता बैंगलोर में जब कार्यरत थे तब भी उन्होंने ऋषिका को सिर्फ कराटे के प्रशिक्षण के वाराणसी में रहने दिया।

ऋषिका के कोच अरविंद यादव ने कहा, ऋषिका ने अभी तक जो कुछ भी हासिल किया है, उसमें उनके माता-पिता का बड़ा योगदान है। बिना अभिभावक के सहयोग से बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते। कोच अपना काम करेगा और समाज अपना, पर एक बच्चे के लिए जब तक अभिभावक साथ नहीं खड़े होंगे उसके जीत हार में और उसे अनुशासन के लिए, बच्चा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर पायेगा।


# ये हैं वो महिला खिलाड़ी जिनके नाम हैं सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम मुकाबले खेलने का रिकॉर्ड

**लेबनान,08 जुलाई 2023।** वर्तमान में इंग्लैंड में विंबलडन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में इस बार महिला वर्ग में पेट्रा क्वितोवा, एलेना रयबाकिना और इगा स्विएटेक जीत की प्रबल दावेदार हैं। ये सभी खिलाड़ी फैंस की भी फेवरेट बनी हुई है। इस बार विंबलडन टूर्नामेंट में टेनिस की अमेरिकी दिग्गज सेरेना विलियम्स ने संन्यास लेने के कारण हिस्सा नहीं लिया। वहीं उनकी छोटी बहन 42 वर्षीय वीनस विलियम्स ने इस साल विंबलडन में वापसी की थी मगर वो कमाल नहीं कर सकीं और पहले ही राउंड में एलिना स्वितोलिना से हार मिलने के बाद उनका सफर खत्म हो गया।

वीनस विलियम्स का ये ग्रैंड स्लैम में 355वां मैच था। बेहद ही कम खिलाड़ी इस उपल्बधि को हासिल कर सकें हैं, जिसमें वीनस विलियम्स का भी नाम शामिल है। एक नजर डालते हैं उन खिलाड़ियों पर जिन्होंने महिला एकल मुकाबलों में सबसे अधिक मैच खेले है।

### 5. स्टेफी ग्राफ (310)

टेनिस खिलाड़ी स्टेफी ग्राफ गोल्डन ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली खिलाड़ी है। टेनिस की फील्ड में उनकी अपनी विरासत रही है। स्टेफी ने महज 13 वर्ष की उम्र में ही अंतरराष्टीय रैंकिंग हासिल की थी। ऐसा करने वाली वो दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं और अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। उन्होंने कुल 310 टेनिस ग्रैंड स्लैम मैच खेले है। टेनिस करियर में उनके सबसे प्रतिष्ठित क्षणों में से एक 1987 में फ्रेंच ओपन में मार्टिना नवरातिलोवा को हराना था। उन्होंने सिर्फ 17 वर्ष की उम्र में ही अपने आक्रामक खेल से अमेरिकी दिग्गज खिलाड़ी मार्टिना को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था। इस जीत से उन्हें ढ़ेरों सुर्खियां मिली थी।



### 4. क्रिस एवर्ट (336)

अमेरिकी टेनिस दिग्गज क्रिस एवर्ट ने खेल जगत को ही बदल दिया। उन्होंने खेल के तरीकों में कई बदलाव लाए। उनके कारण कई खिलाड़ी खेल में आने के लिए प्रेरित हुए। बता दें कि वर्ष 1976 में स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी है। वो ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपनी दृढ़ भावना से कैंसर से लड़कर उसे भी हराया है। एवर्ट ने अपने करियर को अलविदा कहने से पहले तक 336 ग्रैंड स्लैम मैच खेले है। वो कभी पहले या दूसरे दौर का मुकाबला नहीं हारी।

### 3. मार्टिना नवरातिलोवा (355)

चेक-अमेरिकी टेनिस दिग्गज मार्टिना के खाते में 18 प्रमुख एकल पुरस्कार हैं। मार्टिना नवरातिलोवा आमतौर पर अमेरिकी टेनिस दिग्गज क्रिस एवर्ट के साथ प्रतिद्वंद्विता के लिए काफी मशहूर है। दोनों के बीच की टक्कर टेनिस इतिहास में सर्वश्रेष्ठ में से एक मानी जाती है। मार्टिना नवरातिलोवा ने वर्ष 1978 में विंबलडन में ही अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था। इस जीत को हासिल करने के लिए मार्टिना नवरातिलोवा ने क्रिस एवर्ट के खिलाफ ऐसा शानदार प्रदर्शन किया था, जो आज भी फैंस को उनके कौशल की याद दिलाता है।

### 2. वीनस विलियम्स (355)

अमेरिकी टेनिस स्टार और दिग्गज खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने भी कु 355 मुकाबले खेले हैं। इन मुकाबलों के साथ ही वो चेक-अमेरिकी टेनिस दिग्गज मार्टिना नवरातिलोवा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी है। वर्ष 2023 के विंबलडन में उन्होंने बेहद साहसिक रूप से 43 वर्ष की उम्र में टेनिस कोर्ट में दोबारा कदम रखा था। पॉवरफुल स्ट्रोक और ग्राउंड स्ट्रोक मारने में महारत हासिल करने वाली वीनस विलियम्स के पास सात ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी है। उन्होंने पांच बार विंबलडन और दो बार यूएस ओपन खिताब दो दशकों में अपने नाम किया है।

### 1. सेरेना विलियम्स (423)

टेनिस में जो उपलब्धि और सफलताएं सेरेना विलियम्स ने हासिल की है वो किसी महिला के लिए तो क्या कई पुरुष खिलाड़ियों के लिए हासिल करना भी बेहद मुश्किल है। सेरेना विलियम्स को टेनिस का पर्याय कहा जाता है। सेरेना विलियम्स ने अपने करियर मे कुल 23 ग्रैंड स्लैम जीते है। उनके इस रिकॉर्ड की बराबरी सिर्फ अब तक सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच कर सके है। पूर्व अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स सिंगल और डबल्स दोनों ही श्रेणियों में ग्रैंड स्लैम जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी है। बता दें कि टेनिस रैंकिंग में सेरेना विलियम्स 319 सप्ताह तक शीर्ष रैंकिंग पर काबिज रह चुकी है, अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

# भारत के खिलाड़ी मजबूती के साथ बढ़े आगे

### पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

**कैलगरी ,08 जुलाई 2023।** राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके यहां कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली सिंधू नेशुक्रवार की रात को खेले गए महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में फैंग जी को आसानी से 21-13 21-7 से हराया। यह इस खिलाड़ी के खिलाफ उनकी चार मुकाबलों में पहली जीत है। सेन ने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जर्मन क्वालीफायर जूलियन कैराग्गी को 21-8, 17-21, 21-10 से हराया।



सिंधू का मुकाबला अब दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की यामागुची से जबकि सेन का जापान के ही चौथी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से होगा। पीवी सिंधू का जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 14-10 है। इन दोनों के बीच पिछला मुकाबला पिछले साल सिंगापुर ओपन में खेला गया था जिसमें जापानी खिलाड़ी ने जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ सेन का निशिमोतो के खिलाफ रिकॉर्ड 1-1 से बराबर है। सिंधू ने फैंग जी के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 5-1 से बढ़त हासिल कर ली। इंटरवल तक भारतीय खिलाड़ी 11-6 से आगे थी।

सिंधू ने कोर्ट को अच्छी तरह से कवर किया। फैंग जी ने इसके बाद वापसी की कोशिश की और स्कोर 12-16 कर दिया लेकिन सिंधू ने उन्हें आगे मौका नहीं दिया और पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। फैंग जी ने दूसरे गेम के शुरू में 5-1 से बढ़त बनाई लेकिन सिंधू ने जल्द ही वापसी की और इंटरवल तक वह 11-5 से आगे थी। इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में देर नहीं लगाई।

# बीसीसीआई ने एशियाई खेलों में भारत की भागीदारी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2023।** भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी खेलों में उनकी भागीदारी को मंजूरी दे दी है। क्रिकेट इससे पहले दो बार 2010 और 2014 में एशियाई खेलों में शामिल हो चुका है , लेकिन भारत ने दोनों बार हिस्सा नहीं लिया था। 2010 और 2014 संस्करणों की तरह, हांग्जो में क्रिकेट आयोजन का प्रारूप टी20 ही होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को पुष्टि करते हुए कहा,हम एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे हैं।सर्वोच्च परिषद ने हमारी पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी को मंजूरी दे दी है। पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप के साथ, जो एशियाई खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता की समाप्ति से दो दिन पहले 5 अक्टूबर को शुरू होने वाला है, बीसीसीआई द्वारा खेलों में दूसरी पंक्ति की पुरुष टीम और पूरी ताकत वाली महिला टीम भेजने की उम्मीद है। बांग्लादेश (2010) और श्रीलंका (2014) ने खेलों के पिछले संस्करणों में पुरुषों का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पाकिस्तान ने दोनों बार महिलाओं का स्वर्ण पदक जीता।

रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष समिति द्वारा चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में विदेशी लीगों में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों का मुद्दा भी शामिल था। इसका सबसे ताजा मामला अंबाती रायडू का है, जो आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद सेवानिवृत्त हो गए, जिसके बाद उन्होंने मेजर लीग क्रिकेट के आगामी उद्घाटन संस्करण के लिए टेक्सास सुपर किंग्स के साथ अनुबंध किया।

मौजूदा स्थिति के अनुसार, भारतीय क्रिकेटर विदेशी लीगों में केवल तभी भाग ले सकते हैं, जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा संचालित टूर्नामेंटों में शामिल नहीं होंगे। जबकि अब तक केवल मुट्ठी भर भारतीय खिलाड़ी ही अपने संन्यास के बाद विदेशी लीगों में खेलने गए हैं, दुनिया भर में तेजी से बढ़ती लीगों ने यह चिंता बढ़ा दी है कि खिलाड़ी इन नए टूर्नामेंटों में खेलने के लिए जल्दी संन्यास ले सकते हैं।



# अंतर बीएसएफ हॉकी टूर्नामेंट 10 जुलाई से

**चंडीगढ़,08 जुलाई 2023।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का फ्रंटियर मुख्यालय 10 से 13 जुलाई तक जालंधर में बीएसएफ इंटर फ्रंटियर हॉकी प्रतियोगिता - 2023 का आयोजन करेगा, इसकी घोषणा शुक्रवार को की गई।11 बीएसएफ फ्रंटियर्स की टीमें प्रतियोगिता में उत्कृष्टता हासिल करने और गौरव हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।बता दें कि बीएसएफ के तीन खिलाड़ी पद्म श्री और 17 अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं।बीएसएफ के कई खिलाड़ियों ने विभिन्न विषयों में विभिन्न राष्टीय और अंतरराष्टीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# एशियन गेम्स-2023 के लिए मप्र खेल अकादमी के 25 खिलाड़ी चयनित

### » चीन के हांग्जो में 23 सितम्बर से शुरू होंगे 19वें एशियन गेम्स

**भोपाल,08 जुलाई 2023।** चीन के हांग्जो में 19वीं एशियन गेम्स-2023 का आयोजन 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक होने हैं। इस एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के अबतक 23 खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में अपना स्थान पक्का कर लिया है। यह खिलाड़ी वाटर स्पोर्ट्स, शूटिंग, घुड़सवारी, एथलेटिक्स में अपना दमखम दिखाएंगे।

मध्यप्रदेश खेल अकादमी के जनसंपर्क अधिकारी बिंदु सुनील ने बताया कि खेल व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रबंधन, वर्ल्ड क्लास अधो-संरचना और प्रोत्साहन से आज मध्यप्रदेश की पहचान स्पोर्ट्स हब के रूप में बन गई है। उन्होंने बताया कि चीन के हांग्जो में होने वाले 19वीं एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के लगभग 23 खिलाड़ियों ने अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के शुभम केवट, विश्वजीत सिंह कुशवाह, कु. शिखा चौहान, कु. आहना यादव, केनो स्लालम में भारतीय टीम के लिए चयनित हुए हैं। कु. नेहा ठाकुर, कु. शीतल वर्मा, कु. हर्षिता तोमर- सेलिंग, अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, नितिन वर्मा, कु. शिवानी वर्मा, कु. कावेरी, कु. ओ. बिनीता देवी क्याकिंग-केनोइंग में एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोइंग में मप्र वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की कु. रुक्मणी दांगी और अकादमी की पूर्व खिलाड़ी कु. अंशिका भारती का चयन किया गया है। वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की ही पैरा केनो के खिलाड़ी कु. प्राची यादव और मनीष कौरव भारतीय क्याकिंग केनोइंग टीम का हिस्सा होंगे।



इसी तरह मप्र राज्य घुड़सवारी अकादमी के स्टार घुड़सवार राजू सिंह एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी के शंकर पाण्डे फेंसिंग के ईपी एकल और टीम इवेंट में भारतीय टीम में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और कु. आशी चौकसे रायफल शूटिंग में और अकादमी की ही कु. मनीषा कीर शॉटगन ट्रेप इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही कु. प्रीति रजक, जो अकादमी की पूर्व खिलाड़ी रही हैं, शॉटगन के ट्रेप ईवेंट में भारतीय टीम में शामिल की गई हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की एसोसिएट मेंबर रही कु. दीक्षा 1500 मीटर में तथा कु. सपना बर्मन हेप्थलॉन ईवेंट में 19वीं एशियन गेम्स भारतीय ऐथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की वजह से एशियन गेम्स को पहले स्थगित कर दिया गया था।

# बरुन सोबती की कोहरा का ट्रेलर रिलीज

### 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी सीरीज

एक के बाद एक टीवी स्टार्स बड़े पर्दे या फिर ओटीटी की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। इसी बीच अब एक्टर बरुण सोबती भी अपना ओटीटी डेब्यू कर चुके हैं। बरुण हाल ही में सीरीज असुर में नजर आए थे। वहीं अब वेब सीरीज कोहरा में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट 51 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एनआरआई की हत्या से शुरू होता है। पुलिस वाले एनआरआई की मौत की गुत्थी सुलझाते नजर आ रही हैं। कोहरा' एक एनआरआई की मौत के खोज पर आधारित है। इस वेब सीरीज में सुविंदर विक्की, बरुण सोबती, वरुण बडोला और हरलीन सेठी सहित अन्य कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। सुविंदर विक्की और बरुण सोबती की इस सीरीज में दो पुलिसकर्मी हत्यारे को पकडने के लिए अपनी तलाश शुरू करते हैं और अपने प्यार और रिश्तों को भी आगे बढ़ाते हैं। रणदीप झा द्वारा निर्देशित कोहरा' एक एनआरआई की मौत की जांच पर आधारित है।




दर्शकों को वेब सीरीज का ट्रेलर पसंद आ रहा है। कोहरा को गुंजित चोपड़ा और दिग्गी सिसोदिया ने लिखा है, जिसमें कर्णेश शर्मा कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़े हुए हैं। ये सीरीज 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। बरुण सोबती और सुविंदर विक्की के अलावा हरलीन सेठी भी इस सीरीज में अहम रोल में हैं।

बरुण सोबती और पश्मीन मनचंदा अप्रैल में दूसरी बार पेरेंट्स बने हैं।

# प्रोजेक्ट-के ने रचा इतिहास,बनी सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में लॉन्च होने वाली पहली भारतीय फिल्म

प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की पैन इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट के का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस फिल्म से जुड़ीं तमाम जानकारियों का आधिकारिक रूप से ऐलान नहीं हुआ है। अब खबर है कि प्रोजेक्ट के की घोषणा दुनियाभर के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में होगी और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस कार्यक्रम में लॉन्च होने वाली यह भारत की पहली फिल्म बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के निर्माता 19 जुलाई यानी कार्यक्रम के पहले दिन की रात को होने वाले जश्न में इस फिल्म की पेशकश करेंगे। अगले दिन यानी 20 जुलाई को फिल्म की टीम प्रोजेक्ट के: भारत की पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म की पहली झलक टाइटल के तहत अपनी इस फिल्म का नाम, टीजर, ट्रेलर और रिलीज तारीख का ऐलान करेगी। फिल्म के सितारे सैन डिएगो कॉमिक-कॉन के सबसे बड़े मंच पर होने वाले प्रदर्शन में भी शामिल होंगे।




20 जुलाई को पैनल पर होने वाली चर्चा में प्रभास, दीपिका, अमिताभ, कमल हासन और निर्देशक नाग अश्विन समेत पूरी टीम मौजूद रहेगी। इससे उत्साहित अश्विन बोले, भारत अब तक लिखी गई कुछ महानतम कहानियों और सुपरहीरोज का घर है। हमें लगता है कि हमारी फिल्म इसे सामने लाने और दुनिया के साथ साझा करने का एक प्रयास है। कॉमिक-कॉन हमें अपनी कहानी को दुनियाभर के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए एक सबसे आदर्श मंच है।

अश्विन ने आगे कहा, भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे पुराने प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में हमें इस असाधारण यात्रा पर जाने पर बहुत गर्व है। हमारे देश के कुछ सबसे बड़े कलाकारों के साथ जुड़कर हम भारतीय सिनेमा की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह उन सभी भारतीय दर्शकों के लिए गर्व का पल है, जो भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर देखना चाहते हैं। कॉमिक कॉन हमारे लिए वही वैश्विक मंच है।

अमिताभ ने ट्वीट किया, मेरे लिए गर्व का क्षण। मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि यह कितना महत्वपूर्ण और बड़ा है? अब मुझे पता है। पूरी टीम का उस प्यार के लिए शुक्रिया, जो इसने मुझे दिया और मुझे इस अविश्वसनीय अनुभव का हिस्सा बनाया।

कॉमिक-कॉन की शुरुआत 1970 में हुई थी। इस 4 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 2003 से हर साल जुलाई में सैन डिएगो के सैन डिएगो कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है। अब तक के इतिहास में केवल 2 बार कोरोना के कारण यह कार्यक्रम रद्द हुआ है। इसका मकसद कलाकारों, लेखकों, रचनाकारों और प्रशंसकों को टीवी शो से लेकर फिल्मों और ऑनलाइन गेम्स से लेकर कॉमिक्स तक, हर चीज पर चर्चा करने के लिए एक ही छत के नीचे लाना है।

प्रोजेक्ट के को अश्विन ने न सिर्फ निर्देशित किया है, बल्कि इसकी कहानी भी उन्हीं की कलम से निकली है। वैजयंती मूवीज की 50वीं सालगिरह के मौके पर इस फिल्म की घोषणा हुई थी। यह फिल्म 600 करोड़ रुपये के भारी बजट पर बनी है, जो इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बनाती है। दिशा पाटनी ने भी इसमें एक अहम भूमिका निभाई है। फिल्म के 12 जनवरी, 2024 को रिलीज होने की खबरें हैं।

# बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में काफी ग्लैमरस नजर आई अवनीत कौर, दिलकश अदाओं से फैंस के दिलों पर यूं गिराईं बिजलियां



टीवी की दुनिया से लेकर बॉलीवुड तक 21 वर्षीय अवनीत कौर ने अपने हॉट एंड ब्यूटीफुल लुक से सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। टीकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अवनीत कौर ने हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनका लुक देखने के बाद फैंस के भी होश उड़ गए है। अवनीत ने बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में खुली जुल्फों के फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराते हुए रातों की नींदे तक उड़ा दी है। टीकू वेड्स शेरु फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस का दिल जीत लिया हैं। 21 वर्षीय अवनीत कौर एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश लुक्स और हॉट एंड बोल्ड लुक को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट से सोशल मीडिया पर एक बार फिर खलबली मचा दी है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत लुक और अदाओं के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस भी उनकी तरीफ करते नहीं थक रहे हैं और तारीफों की झड़ी लगा दी है। अवनीत कौर ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें वह ग्रे एंड ब्लू चेक्ड प्रिंट वाले बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। ग्रे एंड ब्लू चेक्ड प्रिंट वाले बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आई। अवनीत कौर के एक से बढ़कर एक हॉट एंव किलर पोज ने फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा दी हैं।

# महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग की बड़ी पहल

## स्कूल-यात्री बस में लगेंगे जीपीएस और पैनिक बटन

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में यात्री बसों में महिलाओं और स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पैनिक बटन लगाने की तैयारी है। पैनिक बटन लगने से बस में किसी प्रकार की दुर्घटना, छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाएगी। इसके साथ ही बसों का लोकेशन, स्पीड आदि का भी पता चलता रहेगा। इससे चालकों की मनमानी पर रोक लगने के साथ हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी। जीपीएस सिस्टम का कंट्रोल रूम डायल 112 के कार्यालय में बनाया गया है।

परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था के शुरू होने से जनता को किसी तरह के खतरे तथा अनहोनी से निपटने में काफी सहूलियत होगी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 12 हजार बसें संचालित हो रही हैं, जो अलग-अलग रूट से प्रदेश के कोने-कोने तक जा रही हैं। इसी तरह राज्य में लगभग 6000 स्कूल बस भी संचालित है। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस के लगने से बसों की पल-पल की जानकारी मिलेगी।

राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से सुगम यातायात व्यवस्था के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत स्कूल बस के रूट में भी मैप रहेगा ताकि स्कूल बस यदि बच्चों को लेकर निर्धारित



रूट के अलावा कहीं जाये तो आॅटोमैटिक अलर्ट आ जाए। इसके लिए कंट्रोल रूम में शिफ्ट के हिसाब से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी जो लगातार सभी बस को मॉनिटर करते रहेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस विभाग को सूचित करेंगे।

### बसों में लगेगा पैनिक बटन,दुर्घटना की तुरंत लगेगी जानकारी

### क्या है पैनिक बटन

पैनिक बटन लगने से दुर्घटना या कोई समस्या होने पर बस में सवार यात्री पैनिक बटन को दबाएंगे। बटन के दबते ही पुलिस कंट्रोल रूम और परिवहन कंट्रोल रूम को जानकारी मिलेगी और नजदीकी पुलिस थाने के कर्मचारी तुरंत बस तक पहुंचकर यात्रियों की मदद करेंगे।

दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण के बाद से ही केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के लिये निर्देश दिए थे ताकि इस तरह के प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में निर्भया फण्ड के अंतर्गत सभी यात्री वाहनो को ट्रैक करने के लिए यात्री वाहनों में जीपीएस लगा कर व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफ़ार्म के माध्यम से ट्रैकिंग करने का निर्णय लिया गया। व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेर को चिप्स के माध्यम से बनाया गया है और समस्त गाड़ी के लाइव ट्रैकिंग देखने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए सिविल लाइंस रायपुर में स्थित डायल 112 भवन में ही कमांड और कंट्रोल सेंटर भी बनाया गया है ।

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस एक ऐसा उपकरण है, जिसे अगर गाड़ी में फिट कर दिया जाए तो एक निर्धारित सर्वर पर गाड़ी का लोकेशन पता लगाया जा सकता है। जीपीएस सिस्टम लगने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बसों के सही रूट की जानकारी मिल सकेगी। महिला और बच्चों के सुरक्षा के लिए राज्य के सभी स्कूल बस और यात्री बस को पैनिक बटन सुसज्जित जीपीएस के माध्यम से मॉनिटर किया जायेगा। इसके लिए निर्भया कमांड सेंटर बन कर तैयार हो चुका है।

# ऑनलाईन काउंसलिंग की सूचना मिलेगी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर

- **अभ्यर्थियों को व्यापम पोर्टल पर बनाए गए प्रोफाइल का आधार वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य**
- **काउंसलिंग के अंतिम दिवस के पूर्व अभ्यर्थी चयनित विकल्पों में बदलाव कर सकेंगे**

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत बस्तर एवं सरगुजा संभाग में रिक्त सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता के 12 हजार 489 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाईन काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनकी चयन की प्राथमिकता के अनुसार शालाओं का आबंटन करने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाईन काउंसलिंग प्रारंभ होने की सूचना स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट एच टी टी पी एस // ईडू पोर्टल.सीजी.एनआईसी.आईएन पर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी। इसके साथ ही ऑनलाईन काउंसलिंग के लिए व्यापम की मेरिट अनुसार सूची भी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। चिप्स द्वारा (व्यापम फार्म अनुसार) संबंधित के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग लेने के लिए काउंसलिंग के पूर्व सभी अभ्यर्थियों को व्यापम पोर्टल पर बनाए गए अपने प्रोफाइल का आधार वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी व्यापम पोर्टल पर बनाए गए अपने आईडी, पासवर्ड से लोक शिक्षण संचालनालय के ऑनलाईन काउंसलिंग पोर्टल पर लॉगिन कर सकेंगे। लॉगिन करने पर स्क्रीन पर डेस बोर्ड दिखेगा, जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिए गए भर्ती परीक्षाओं सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता की जानकारी होगी।



सर्वप्रथम व्याख्याता पद की ऑनलाईन काउंसलिंग प्रारंभ की जाएगी। केवल प्रारंभिक रूप से चयनित अभ्यर्थी ही ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग ले पाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा पोर्टल पर साइन इन करने पर दस्तावेज सत्यापन का राउण्ड, प्रीफेंस फिलिंग विडों, प्रीफेंस स्टेटस, एक्शन प्रदर्शित होगा। राउण्ड का आशय दस्तावेज सत्यापन का चरण, प्रीफेंस फिलिंग विडों में ऑनलाईन काउंसलिंग खुले रहने की अवधि, प्रीफेंस स्टेटस में अभ्यर्थी द्वारा अब तक चयन किए गए शालाओं की सूची होगी तथा एक्शन में जाकर अभ्यर्थी अपने पसंद की शालाओं का चयन कर सकेंगे।

एक्शन में फिल प्रीफमें इंटर करने पर अभ्यर्थी के स्क्रीन पर दूसरा विंडो खुलेगा जिसमें अभ्यर्थी का फोटो, प्रोफाइल आईडी, रजिस्ट्रेशन नंबर, नाम, प्राप्तांक आदि की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसके नीचे दिए गए दो बॉक्स में से प्रथम बॉक्स में सेलेक्ट योर प्रायोरिटी के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक का नाम तथा पदांकन हेतु उपलब्ध विद्यालयों की सूची उपलब्ध होगी। इस सूची से अभ्यर्थी अपनी पसंद की शालाओं का चयन करेंगे, जो द्वितीय बॉक्स में योर सेलेक्टेड प्रायोरिटी के अंतर्गत प्रदर्शित होगी। अभ्यर्थी इसमें सूचीबद्ध शालाओं की सूची में शालाओं का क्रम अपनी पसंद अनुसार ऊपर-नीचे कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गई है कि वह सेलेक्ट योर प्रायोरिटी में दी गई शालाओं की सूची से अधिकतम या समस्त शालाओं को चयनित करें। यदि अभ्यर्थी द्वारा कुछ विद्यालयों का चयन नहीं किया जाता है तो, अभ्यर्थियों द्वारा चयनित विद्यालयों के अगले क्रम पर चयन से शेष रह गये स्कूलों को सॉफ्टवेयर द्वारा पोर्टल में दर्शित सूची अनुसार क्रमशः स्वतः क्रम आबंटित कर दिया जाएगा। अगले विंडो पर अभ्यर्थी का विवरण सहित उसके द्वारा चयनित शालाओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें प्रायोरिटी अपडेटेड ऑन अंकित होगा। अभ्यर्थी अपने चयनित शाला का प्रिंट आउट भी ले सकते हैं। काउंसलिंग के अंतिम दिवस के पूर्व अभ्यर्थी अपने चयनित विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं, अंतिम दिवस पोर्टल स्वतः लॉक हो जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर लागिन नहीं करता है तथा अपने चयन हेतु शालाओं को प्राथमिकता क्रम प्रदान नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में सॉफ्टवेयर द्वारा उसे स्वतः रेन्डमली स्कूल आबंटित कर दिया जाएगा।

काउंसलिंग के प्रथम चरण पूर्ण होने पर अभ्यर्थी के लॉगिन पर विद्यालय का आबंटन प्रदर्शित होगा, जिसमें उसे आबंटित स्कूल का नाम, यूडाइस कोड, जिला एवं ब्लॉक का नाम अंकित होगा। अभ्यर्थी को इस आबंटन को स्वीकार करना अनिवार्य होगा, अन्यथा वह चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा। आबंटन स्वीकार करने पर दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रण पत्र प्रदर्शित होगा, जिसका अभ्यर्थी प्रिंटआउट ले सकेंगे। इस पत्र में दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम तिथि तथा स्थल जहां उपस्थित होना है, उसका विवरण दर्ज रहेगा। दस्तावेज सत्यापन का कार्यालयीन समय एवं दिवस में किया जाएगा।

व्याख्याता पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी- संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, शिक्षक पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी-संबंधित संयुक्त संचालक एवं सहायक शिक्षक पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी-संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी हैं। अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराएंगे। पात्र-अपात्र की जानकारी सत्यापनकर्ता प्राधिकारी द्वारा भरकर अपलोड की जाएगी, जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन पर देख सकेंगे, जो अभ्यर्थी अपात्र होंगे उनका अपात्रता संबंधी पत्र सत्यापनकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर सहित प्रिंट होगा, जिसमें अपात्र होने का कारण दर्शाया जाएगा। अपात्र अभ्यर्थी अपात्र होने के 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति संचालक लोक शिक्षण को प्रस्तुत कर सकेंगे। जो अभ्यर्थी पात्र होंगे उन्हें पत्र दिया जाएगा, जिसमें उल्लेखित होगा कि दस्तावेज सत्यापित कर लिया गया है।

# सूबेदार/सब-इंस्पेक्टर भर्ती में घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** सूबेदार/सब इंस्पेक्टर भर्ती में गड़बड़ी का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दर्जनों अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें सूबेदार/सब इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले की सीबीआई से जांच की मांग की गयी है। 2021 में डीजीपी अशोक जुनेजा द्वारा सूबेदार / सब- इन्सपेक्टर / प्लाटून कमान्डर एवं अन्य के रिक्त 975 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया। उक्त भर्ती परीक्षा में भर्ती कमेटी के अध्यक्ष डीजीपी अशोक



जुनेजा एवं अन्य सदस्यों द्वारा जानबूझकर गंभीर अनियमितता एवं गड़बड़ी किये जाने पर डोंगरगढ़ निवासी शिवाजी सिंह द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर की गई। अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया है।

पूर्व में वर्ष 2006-2008 एवं वर्ष 2011-2013 में सब इन्सपेक्टर भर्ती परीक्षा अंतर्गत प्री एवं मेन्स परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई थी एवं व्यापम द्वारा ही रिजल्ट जारी किया गया था।

वर्ष 2021-2023 की प्री परीक्षा का रिजल्ट व्यापम द्वारा मेरिटवार, श्रेणीवार, सभी उम्मीदवारों के अंक बताते हुए, प्रत्येक वर्ग के कटऑफ मार्क्स बताते हुए उम्मीदवारों के नाम, पिता का नाम, जन्मतिथी अंकित करते हुए पारदर्शिता पूर्वक जारी किया गया था एवं मुख्य परीक्षा का रिजल्ट भी व्यापम द्वारा ही मेरिटवार, श्रेणीवार, सभी उम्मीदवारों के अंक बताते हुए, प्रत्येक वर्ग के कटऑफ मार्क्स बताते हुए, उम्मीदवारों के नाम, पिता का नाम, जन्मतिथी अंकित करते हुए पारदर्शिता पूर्वक तैयार किया गया था परन्तु भर्ती कमेटी के अध्यक्ष डीजीपी अशोक जुनेजा द्वारा व्यापम रायपुर को मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से रोक दिया गया एवं सचिव, व्यापम से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट प्राप्त किया गया। -भर्ती कमेटी के अध्यक्ष डीजीपी अशोक जुनेजा द्वारा मुख्य परीक्षा का रिजल्ट सिर्फ सीरियल नंबर से जारी किया गया एवं अन्य सभी तथ्यों जैसे- मेरिटवार, श्रेणीवार, सभी उम्मीदवारों के अंक ना बताते हुए, प्रत्येक वर्ग के कटऑफ मार्क्स छिपाते हुए उम्मीदवारों के नाम, पिता का नाम, जन्मतिथी का भी छुपाद करते हुए जानबूझकर सिर्फ सीरियल नंबर से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया।

मुख्य परीक्षा में चयन से बाहर किये गये उम्मीदवारों द्वारा भर्ती कमेटी के अध्यक्ष डीजीपी अशोक जुनेजा एवं अन्य सदस्यों पर यह आरोप लगाया गया कि वे मुख्य परीक्षा के 600 (छह सौ) अंकों पर अपना कब्जा करते हुए परीक्षा में फेल एवं कम अंक पाए हुए उम्मीदवारों को लाभ पहुँचाकर चयनित करने के लिये नियमानुसार मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी ना कर अन्य तथ्यों का छिपाव किया जा रहा है।

चुंकि उक्त भर्ती परीक्षा में गंभीर अनियमितता एवं गड़बड़ी होने पर उच्च न्यायालय, बिलासपुर के समक्ष सैकड़ों उम्मीदवारों द्वारा याचिकाएं दायर की गई है। चूंकि डीजीपी अशोक जुनेजा 30 जून 2023 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति की तिथि पार कर चुके हैं एवं उक्त भर्ती परीक्षा अत्यन्त विवादित एवं गंभीर अनियमितताओं से भरे होने के बावजूद भी सरकार द्वारा डीजीपी अशोक जुनेजा का सेवाकाल 5 अगस्त 2024 तक के लिये बढ़ा दिया गया।

यह कि याचिकाकर्तागण द्वारा भर्ती कमेटी पर यह भी आरोप लगाया गया कि प्लाटून कमान्डर का पद पुलिस उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रहने के बावजूद भी उक्त पद पर महिला उम्मीदवारों का चयन किया गया। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिक, विभागीय पुलिस उम्मीदवार, महिला आरक्षण नियम का भी सही पालन नहीं किया गया।

याचिकाकर्तागण द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि पूर्व में तय नियमों के मुताबिक मुख्य परीक्षा 600 अंकों की व्यापम द्वारा लिया जाना था एवं फिजिकल टेस्ट एवं साक्षात्कारडे400 अंकों का पुलिस मुख्यालय द्वारा लिया जाना था परन्तु मुख्य परीक्षा के रिजल्ट में पारदर्शिता ना रखे जाने से मुख्य परीक्षा के 600 अंकों में भी छेडछाड का गंभीर आरोप लगाया गया।

याचिकाकर्तागण द्वारा 15 जून 2023 के कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच के निर्णय स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल विरूद्ध सौमेन नन्दे एवं अन्य का हवाला दिया गया कि भर्ती परीक्षा में अनियमितता किये जाने पर सीबीआई जांच के आदेश दिये जा सकते हैं।

## अमित शाह को फिर से छत्तीसगढ़ लाने की तैयारी

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर से छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजधानी रायपुर में आयोजित सभा आशा से बढ़कर सफल रही। मौसम खराब होने तथा लगातार बारिश के बाद भी शहर में प्रदेश भर के भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता और चुनावी हुंकार और उत्साह देख भाजपा नेताओं ने राहत की सांस ली है। पीएम श्री मोदी के ठीक पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजधानी पहुंचकर भाजपा नेताओं को चार्ज किया था। भाजपा सूत्रों ने बताया कि अमित शाह को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ लाने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि श्री शाह छत्तीसगढ़ आकर चुनावी बिसात पर अपने मोहरे फिट कर सकते हैं। अभी चुनाव के मद्देनजर कुछ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव के मद्देनजर कार्य विभाजन और जवाबदेही तय करना काफी जरूरी हो गया है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को बूस्ट करना भी जरूरी है। यही कारण है कि श्री शाह जल्द छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते हैं। इसके अलावा श्री शाह चुनावी रणनीतियों पर मथंन करेंगे। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन भी शामिल होंगे। नेताओं को मिले टास्क की भी जानकारी ले सकते हैं। इस दौरान विधायकों की सर्वे रिपोर्ट भी तैयार हो सकती है।

## सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल करने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई,आदेश जारी

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर गए प्रदेशभर के सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सामन्य प्रशासन विभाग की अवर सचिव अंशिका ऋषि पाण्डेय ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टर्स को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा है।



कार्रवाई करने का आदेश जारी होने पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि, चरणबद्ध आंदोलन से पहले हमने 23 जून को मुख्य सचिव कार्यालय में विधिवत सूचना, जिसकी पावती संयुक्त मोर्चा के पास है। इस तरह की कार्रवाई करने के बजाय सरकार को सरकारी कर्मचारी संगठनों से चर्चा कर समस्याओं और शिकायतों का समधान करना चाहिए।

बता दें कि, शुक्रवार को प्रदेशभर के सरकारी कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के चलते रायपुर कलेक्ट्रेट छोड़कर पूरे प्रदेश में स्कूल, सरकारी दफ्तरों और मंत्रालय से लेकर संचालनालय तक सभी दफ्तरों में सन्नाटा परसा रहा। पहली बार छत्तीसगढ़ में एक साथ 145 संगठनों ने मिलकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं, ऐसे में इस आदेश के बाद सरकार और कर्मचारियों के बीच टकराहट बढ़ने के आसार है।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र समिति में अध्यक्ष के रूप में नहीं रहूंगा : टीएस सिंहदेव

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि, इस बार वे घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष नहीं रहेंगे। टीएस सिंहदेव ने कहा कि, कांग्रेस की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष के रूप में तो मैं नहीं रहूंगा। क्योंकि अब समय उतना नहीं बचा कि सभी से बात हो सके। श्री सिंहदेव ने कहा कि, मैंने कहा भी है मैं समिति में नहीं रहना चाहूंगा। हां सदस्य के रूप में या फीडबैक देने के लिए मैं हमेशा उपलब्ध हूं।



विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि, पार्टी टिकट देगी तो लड़ेंगे। उन्होंने कहा, मैंने कहा था- अगर मैं टीम में कंट्रीब्यूट कर सकता हूंज तभी खेलूंगा। मैं चाहूंगा कि मेरा सलेक्शन हो। मुझे लगता है मैं टीम में योगदान दे सकता हूं। अगर सलेक्शन हुआ तो मैं खेलूंगा। वहीं टीम का वाइस कैप्टन बनने को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा कि, अभी तक के लिए बना हूंज अगली सीरीज के लिए सलेक्शन होना है। उसमें अगर सलेक्शन हुआ तो खेलेंगे।

## अशोक चतुर्वेदी के आधा दर्जन ठिकानों पर ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम की दबिश

**रायपुर,08 जुलाई 2023(ए)।** पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी के राजधानी रायपुर, जगदलपुर और कांकेर स्थित आधा दर्जन ठिकानों पर ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने दबिश देकर ज्वेलरी, नगदी आदि बरामद किया है। इन सभी का मूल्यांकन करने के साथ ही सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि प्रॉपर्टी के संबंध में उनके परिजनों से पूछताछ की जा रही है। ईओडब्ल्यू और एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान अधिकांश प्रॉपर्टी को पिछले 15 साल में खरीदे जाने के इनपुट मिले हैं। कृषि की जमीन और बैंकों में जमा रकम भी है। इन सभी के संबंध में राजस्व विभाग और बैंकों से जानकारी मांगी गई है। बता दें कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में




एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने अशोक चतुर्वेदी को आंध्रप्रदेश के गुंटूर के गिरफ्तार किया था। इस समय उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।ईओडब्ल्यू और एसीबी के अधिकारी अशोक चतुर्वेदी से पूछताछ पूरी करने के बाद विशेष न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी की अदालत में पेश करेंगे। बताया जाता है कि मिले इनपुट के आधार पर उन्हें एक बार फिर पूछताछ करने और संपत्तियों की जांच करने के लिए फिर रिमांड पर ले सकती है। परिजनों के नाम खरीदी संपत्ति छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी मूल निवास दुर्गूकोंदल है। यहां उनके माता-पिता और बहन और जीजा रहते हैं। तलाशी के दौरान अशोक चतुर्वेदी के माता-पिता और भाई -बहन के साथ ही साले और जीजा के नाम पर मिले हैं।

## बिना कारण के भरभराकर गिरी तीन मंजिला बिल्डिंग

- **नगर निगम पर लगा लापरवाही का आरोप**

**बिलासपुर ,08 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में शनिवार सुबह तीन मंजिला बिल्डिंग अचानक भरभरा कर गिर गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग के पास नाला बन रहा है, इसके कारण यह हादसा हुआ। इस घटना से लोगों में नगर निगम के खिलाफ आक्रोश है। लोग मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुई है।

दरअसल, शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम 50 करोड़ रुपए की लागत से नालियों का निर्माण करा रहा है। लेकिन, इसकी प्लानिंग में मनमानी के चलते मानसून शुरू होने के बाद भी काम अधूरा है। जगह-जगह सड़कों और गलियों में खुदाई कर दी गई है। जबकि, यह पूरा काम मानसून से पहले हो जाना चाहिए था।



### शिकायत के बाद भी नहीं दिया ध्यान

बताया जा रहा है कि, मंगला चौक के रिंग रोड 2 में भी खुदाई करके नाली बनाने का काम किया जा रहा है। यहां रानी सती गेट के बाजू में भी नाली बनाने के लिए खुदाई की गई है, जिसके चलते वहां बना तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स शनिवार की सुबह भरभरा कर गिर गया। इसके बाद अब स्थानीय व्यापारियों ने हंगामा शुरू कर दिया है, और मुआवजे की मांग की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि, निगम लापरवाही पूर्वक निमार्ण कार्य करा रहा है। इसका बड़ा खामियाजा एक घर गिरने के रूप में मिला है। लोगों का कहना है कि नाला निर्माण के चलते घर का बेस कमजोर हुआ है, जिसके चलते बड़ी घटना घटी है। दुकान मालिक विशाल गुप्ता ने बताया कि, लापरवाही पूर्वक नाले के लिए खुदाई की गई, जिसकी जानकारी उन्होंने अधिकारियों को दी थी, लेकिन उनकी शिकायत को नजर अंदाज किया गया।

### बचाव दल मौके पर मौजूद

इस हादसे की खबर मिलते ही सिविल लाइन टीआई परिवेश तिवारी अपनी टीम के साथ पहुंच गए हैं। उन्होंने हादसे की जानकारी आला अधिकारियों को दी, जिसके बाद नगर सेना की आपदा प्रबंधन टीम के साथ ही नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंच गए हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)